# नक्शा विचलन कर बने सभी भवनों की विस्तृत जांच स्पेशल टीम बनाकर करें जमशेदपुर अक्षेस : झारखंड हाई कोर्ट

**जमशेदपुर।**

झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय और न्यायाधीश दीपक रौशन की पीठ में जनहित याचिका 2078 /2018 की झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई. उच्च न्यायालय ने जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के सशरीर उपस्थित उपनगर आयुक्त से पूछा कि इतने बड़े पैमाने पर विचलन पर आपका विभाग क्यों सो रहा है? उपनगर आयुक्त ने जब यह कहा कि हुज़ूर 46 भवनों को चिन्हित किया गया है और उसमें 31 के बेसमेंट पार्किंग को ख़ाली करा दिया गया है और बचे हुए 15 को ख़ाली कराने की प्रकिया जल्द पूरी हो जाएगी. तब अदालत ने उपनगर आयुक्त से पूछा कि आप यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि वर्ष 2011 में बनी सूची ही अंतिम सूची है. जमशेदपुर अक्षेस से बस इतने ही विचलन वाले निर्माण हुए हैं. याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि कुल 1257 अवैध निर्माण हुए हैं और 46 की फेहरिश्त 2011 का है। उन्होंने अदालत को पीटिशन में पृष्ठ संख्या 44 से 56 को दिखाते हुए बताया कि यह हमने सूचना के अधिकार द्वारा प्राप्त किया है, जिसके अनुसार अगस्त, 2017 तक अक्षेस ने 535 अवैध निर्माणों को कारण पृच्छा नोटिस जारी किया है. इस पर अदालत ने उपनगर आयुक्त को पूछा कि आप स्पष्ट बताइये कितने अवैध निर्माण हुए हैं. अदालत इस बात पर हैरान थी कि जमशेदपुर जैसे छोटे से शहर में 1257 अवैध निर्माण




हैं. अदालत ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता से आश्चर्य व्यक्त करते हुए पूछा कि क्या 1257 का आंकड़ा विश्वसनीय है और वे पूरा लिस्ट अदालत में दाखिल कर सकते हैं? इस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि उनके पास फेहरिश्त के अलावे फोटोग्राफ्स भी हैं, पर उप नगर आयुक्त इतना तो बता ही सकते हैं कि उन्होंने कितना परमिट जारी किया है? इस पर अदालत ने उप नगर आयुक्त को कहा कि आपके द्वारा दायर काउंटर एफीडेविट एवं याचिकाकर्ता द्वारा दायर सूची में यह संख्या 535 का है और अवैध निर्माणों की कुल संख्या याचिकाकर्ता के अनुसार 1257 का है. आप कोर्ट को गुमराह कर रहे हैं। उपनगर आयुक्त द्वारा अनभिज्ञता ज़ाहिर करने पर न्यायाधीश ने उपनगर आयुक्त को सीधे निर्देश देते हुए कहा कि जमशेदपुर में आज तक नक्शा विचलन कर बने सभी भवनों की विस्तृत जांच स्पेशल टीम बनाकर करें और अब तक किए गये कार्रवाईयों का पूरा ब्योरा हलफनामा के ज़रिए अगली तारीख़ से पूर्व अदालत में दाखिल करें. अदालत ने आगे कहा कि इस बीच विचलन व पार्किंग पर कार्रवाई जारी रखते हुए जल्द से जल्द सुधार करें. केवल नोटिस से काम नहीं चलेगा, आपको कार्रवाई करनी पड़ेगी. साथ ही अदालत ने यह भी जोड़ा कि यदि कार्रवाई के बीच किसी तरह का व्यवधान अथवा अनैतिक दबाव आये तो अदालत को तुरंत सूचित करे, किसी के अनैतिक दबाव पर कार्रवाई प्रभावित नहीं होनी चाहिए. याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने इतने बड़े पैमाने पर हुए विचलन के कारणों पर न्यायालय का ध्यान आकृष्ट करते हुए समुचित समाधान के लिए आग्रहपूर्वक कुछ उपाय सुझाए जिस पर न्यायाधीश ने अलग से हलफनामा दायर करने की ताकीद की और अगली तारीख़ में सुनवाई कर समुचित निर्देश देने का आश्वासन दिया. अगली तारीख़ 27 जून को सुनिश्चित की गई है. याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव, रोहित सिन्हा, निर्मल घोष और एमआइ हसन ने सुनवाई में हिस्सा लिया।

## न्यूज़ अपडेट

### जमशेदपुर अक्षेस ने देर रात अवैध निर्माण को रोका

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) ने देर रात बन रहे अवैध निर्माण को बंद कराया।. रात 11 बजे जयंती के पदाधिकारी सचिन कुमार झा के नेतृत्व में पूरी टीम ने वहां अवैध निर्माण कार्य को बंद कराया और सारे सामान को जप्त किया। इस दौरान वहां कनीय अभियंता मानस सतपति सभ्यता ने पदाधिकारी मौजूद थे। आपको बता दे कि झारखंड हाईकोर्ट ने अवैध निर्माण को लेकर जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इसको लेकर विभागीय कार्रवाई भी शुरू हुई है। पुलिस द्वारा सारे सामानों को जब्त की गयी है। देर रात को वहां ढलाई का काम चल रहा था।

### कोल्हान में बदलेगा मौसम, आज बारिश की संभावना

**जमशेदपुर।** झारखंड का मौसम मंगलवार 7 मई से बदलने की संभावना हैं। बारिश होगी। साथ ही आंधी चलने के साथ वज्रपात भी होगा। राज्य के कई जिलों में 7 मई को ओला पड़ने की आशंका है। इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है। यह जानकारी एयरपोर्ट स्थित रांची मौसम केंद्र ने दी हैं। मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले 2 से 3 दिनों में इसमें धीरे-धीरे 4 से 6 डिग्री की गिरावट हो सकती है। 7 से 9 मई को कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम समेत राज्य में कुछ स्थानों पर 10 मई को भी बारिश होगी। 11 मई को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। राज्य में सोमवार 6 मई को सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा और पलामू जिले में कहीं-कहीं लू की स्थिति रही। इसी तरह देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज जिलों में कहीं-कहीं गर्म और उमस की स्थिति रही। केंद्र के अनुसार 7 मई को रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, देवघर जिले में कहीं-कहीं ओला पड़ने की आशंका है।

### आरएएफ सुंदरनगर ने सामाजिक जागरूकता और सहभागिता को दिया बढ़ावा



**जमशेदपुर।** सोमवार को 106 बीएन रैपिड एक्शन फोर्स सुंदरनगर में उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मासिक कार्यक्रम मेरी लाइफ के तहत पर्यावरणिक व प्राकृतिक समस्याओं के निदान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस कार्यक्रम में वाहिनी के सभी कार्मिकों ने मिलकर कैंप एरिया में साफ सफाई का काम किया। इसके माध्यम से सामाजिक जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा दिया गया और वर्तमान की चुनौतियों को समझने और उनका समाधान के लिए एक मार्गदर्शन प्राप्त किया। वाहिनी में जवानों के मेंटल हेल्थ तथा खुशी को ध्यान में रखते हुए एमआईटी पुणे से मास्टर इन आर्ट, अनुश्री भारगवा (आर्ट थेरेपिस्ट, विजुअल आर्टिस्ट तथा ऑथर) द्वारा एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमें मानसिक स्थिति को सही बनाए रखते हुए खुशी से जीने की तरकीबों को साझा किया गया। हम सभी एक स्वच्छ, स्वस्थ, और सुरक्षित पर्यावरण का समर्थन करते हुए एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा रहे हैं. हम भविष्य के लिए एक बेहतर विश्व बनाने की दिशा में साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### सैयद महफूज आलम की पुस्तक मकालात-ए-महफूज का लोकार्पण



**जमशेदपुर।** करीम सिटी कॉलेज (मानगो कैंपस) की सांस्कृतिक तथा साहित्यिक संस्था श्फलकश (फोरम फॉर एक्टिविटीज इन लिटरेचर, आर्ट एंड कल्चर) के तत्वाधान में साहित्यकार एंव उर्दू के प्राध्यापक सैयद महफूज आलम की पुस्तक ष्मकालत-ए-महफूजष का विमोचन समारोह आयोजित हुआ। कॉलेज के मल्टीपरपस हॉल में सजाई गई इस सभा के अध्यक्षता सैयद शमीम अहमद मदनी (ट्रस्टी कबीर वेलफेयर ट्रस्ट) ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में डॉ मोहम्मद जकरिया (सेक्रेटरी करीम सिटी कॉलेज एवं एजुकेशन डायरेक्टर, करीम्स ट्रस्ट) शामिल हुए। मंच का संचालन प्रो गौहर अजीज ने किया। संचालक ने बताया कि यह पुस्तक समीक्षात्मक तथा आलोचनात्मक लेखों का संग्रह है जो कोलकाता से प्रकाशित हुआ है। हिंदी उर्दू के प्रसिद्ध कहानीकार डा अख्तर आजाद तथा कोलकाता से आए हुए अतिथि अशरफ अहमद जाफरी ने पुस्तक की समीक्षा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि सैयद साहब उर्दू साहित्य के एक ऐसे सेवक हैं जिनकी सेवा निरंतर जारी है। अंत में श्फलकश की सचिव महजबीन सिद्दीकी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सभा में डॉ सफीउल्लाह अंसारी, डॉ इफ्तिखार नबी, प्रो होदा, प्रो सीमा जबीन, कहानीकार अनवर इमाम, डॉ अफसर काजमी तथा प्रो अहमद बद्र के अलावा बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी मौजूद थे।

### स्वर्णरेखा नदी में डूबने से किशोर की मौत

**जमशेदपुर।** मानगो थाना अंतर्गत गौड़ बस्ती के पास स्वर्णरेखा नदी में डूबने से 10 वर्षीय पेलू गोप की मौत हो गई। रविवार रात पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से पेलू का शव नदी से बाहर निकाला. इधर, सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंचे. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पेलू अपनी मां के साथ कपाली में रहता था. पेलू के पिता की मौत हो गई. वह घर पर अपने सौतेले भाई के साथ रहता था। परिजनों ने बताया कि पेलू की दिमागी हालत ठीक नहीं थी. वह रविवार को साइकिल से बाल कटवाने के लिए घर से निकला था. वह बाल कटवाने के बाद नहाने के लिए गौड़ बस्ती गया जहां नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया. देर शाम स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया. मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचित किया गया। जानकारी के अनुसार पेलू एक साल पूर्व 6 मई को ही घर से भटक गया था. इस वक्त कपाली के मुखिया ने पुलिस को सूचित किया था जिसके बाद मानगो पुलिस ने ही पेलू को बरामद कर परिजनों को सौंपा था. एक साल बाद 5 मई को उसकी मौत हो गई।

# जमशेदपुर में 1379 गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द, पुरानी गाड़ियां होंगी स्क्रैप

**जमशेदपुर।**

देश भर में 1 अप्रैल 2023 से नयी स्क्रैप पॉलिसी लागू कर दी गयी है। इसके तहत सबसे पहले 15 साल पुरानी सरकारी गाड़ियों को कबाड़ कर दिया जायेगा। वहीं, निजी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन भी रद्द किया जायेगा. इस बीच कई सारी पुरानी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है. ऐसी गाड़ियों को सड़कों से हटा दी गयी है. पुरानी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने के लिए जारी अधिसूचना के तहत कई गाड़ियों को कबाड़ बनाकर हटा दिया गया है. जमशेदपुर में वित्तीय वर्ष 2019-2020 में 146, वित्तीय वर्ष 2020-2021 में 149, वित्तीय वर्ष 2021-2022 में 388, वित्तीय वर्ष 2022-2023 में 368 और वित्तीय वर्ष 2023-2024 मंल 328 गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया गया। पांच सालों में कुल 1,379 गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन




रद्द किया गया है. उनका आरसी ही कैंसल कर दिया गया है. नयी स्क्रैप पॉलिसी के तहत 15 साल चल चुकी कार, बाइक, स्कूटर या स्कूटी को अगले पांच साल और चलाने के लिए री-रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए ऑटोमेटिक व्हीकल फिटनेस टेस्टिंग स्टेशन से फिटनेस सर्टिफिकेट लेकर आरटीओ में जमा कराना होगा। उदाहरण के लिए अगर बाइक 15 साल पुरानी है तो अगले पांच साल और चलाने के लिए फिटनेस सर्टिफिकेट लेकर री-रजिस्ट्रेशन कराना होगा। एटीएस से फिटनेस सर्टिफिकेट लेकर आरटीओ में जमा कराना होगा. री-रजिस्ट्रेशन से पहले गाड़ी मालिक को मान्यता प्राप्त एटीएस से फिटनेस सर्टिफिकेट लेकर आरटीओ में जमा कराना होगा और फिर आरटीओ 5 साल के लिए लाइसेंस जारी करेगा. इसके लिए गाड़ी को एटीएस सेंटर पर लेकर जाना होगा और फिर मैकनिकल इक्यूपमेंट के साथ फिटनेस सर्टिफिकेट बनेगा. एटीएस सेंटर पर गाड़ी का फिटनेस सर्टिफिकेट लेने का मौका सिर्फ दो ही बार मिलेगा. अगर पहली बार अपनी गाड़ी एटीएस सेंटर में लेकर गये और किसी कारण से गाड़ी का फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं बन पाया तो एक और मौका मिलेगा. दूसरी बार भी गाड़ी में दिक्कत आ गयी और गाड़ी का फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं बन पाया तो फिर आपको अपनी गाड़ी स्क्रैप में देने का अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

## आदित्यपुर में मतदान केंद्र बदलने और सूची में खामियों को लेकर मतदाताओं में रोष

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर में मतदाताओं की संख्या बढ़ने से किये गए मतदाता विभाजन की वजह से सैकड़ों मतदाता इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान करने से वंचित रह जाएंगे, ऐसी संभवना बन रही हैं। नए मतदाता सूची में कई खामियों मतदाता बता रहे हैं. ऐसे में मतदान केंद्र बदलने से कई मतदाता वोट नहीं दे पाएंगे. मतदाताओं की छंटनी करने वालों ने कुछ ऐसा मतदाताओं का विभाजन किया है कि पति का किसी और मतदान केंद्र पर तो पत्नी का किसी और केंद्र पर नाम सूची में डाल दिया गया है. इससे मतदाताओं में संशय हो रहा है. मतदाताओं में इस बात को लेकर रोष भी है। उनके केंद्र जो पिछली चुनाव में सपरिवार का एक साथ था वो इस बार की मतदाता सूची में बिखर गई है. इतना ही नहीं मतदाताओं के पास मत पर्ची का वितरण भी प्रॉपर नहीं हुआ है. उदाहरण स्वरूप आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 17 स्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल के सैंकड़ों मतदाताओं का नाम वर्तमान सूची में वार्ड 19 के प्राथमिक विद्यालय लाइन पार स्कूल में हो गया है. वितरण भी ऐसा कि पति का नाम सेंट्रल पब्लिक स्कूल तो पत्नी का नाम प्राथमिक विद्यालय लाइन पार में हो गया है. इतना ही नहीं उनके बेटा बहु का नाम किसी अन्य मतदान केंद्र पर हो गया है. इस अव्यवस्थित मतदाता सूची के बारे में वार्ड 17 की पूर्व पार्षद नीतू शर्मा कहती हैं. उन्होंने वर्ष 2022 में ही जब मतदाता पुनरीक्षण के समय यह विभाजन हो रहा था तब इस बात का विरोध किया था। लेकिन उस समय के तत्कालीन एसडीओ ने उनकी एक नहीं सुनी और मतदाताओं का बेतरतीब ढंग से विभाजन कर दिया. इससे पति पत्नी, बेटा-बहू का नाम अन्य केंद्रों पर हो गया . उन्होंने बताया कि कई मतदाता तो हाईवे पार कर आधा किलोमीटर दूर जाकर मतदान नहीं करने की बात उनसे कह रहे हैं. जिला प्रशासन को अविलंब इस बात को नजरअंदाज नहीं करते हुए इसमें सुधार करनी चाहिए और शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करनी चाहिए।




# भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा को इंडिया गठबंधन पर हमले का मिला बड़ा मौका

**(शंकर अग्रवाल)/जमशेदपुर।**

क्या यह महज संयोग है कि कांग्रेस के धीरज साहू के ठिकानों से 300 करोड़ रुपये से अधिक रुपये की बरामदगी के कुछ महीने बाद ही मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल के नौकर जहांगीर के घर से करीब 30 करोड़ से अधिक कैश मिले हैं. क्या कांग्रेस-झामुमो अब भी ईडी की इस कार्रवाई को सत्ता पक्ष द्वारा ईडी के गलत इस्तेमाल की बात कहकर आम लोगों की आंख में धूल झोंक पायेंगे। बिल्कुल नहीं. पीए के नौकर के घर से इतनी बड़ी राशि की बरामदगी विशुद्ध रूप से आलमगीर आलम व उनके विभाग में भ्रष्टाचार से जुड़ा माना जायेगा. आलमगीर आलम कांग्रेस से विधायक हैं और झारखंड सरकार में मंत्री हैं, ग्रामीण विकास विभाग जैसे भारी-भरकम बजट वाला विभाग उनके पास है. भ्रष्टाचार के तमाम अवसर उपलब्ध है. इतनी बड़ी राशि की बरामदगी यह बताने के लिए काफी है कि मंत्री आलमगीर आलम के विभाग में क्या कुछ चल रहा था. भ्रष्टाचार किस उंचाई तक पहुंची हुई है। एक बात यह भी है कि आलमगीर आलम उस कांग्रेस पार्टी के कोटे से मंत्री हैं, जिसके नेता पैसों की कमी के कारण ठीक से चुनाव प्रचार नहीं करने की बात कह रहे हैं. विज्ञापन और होर्डिंग लगाने तक के पैसे नहीं हैं. लेकिन उनकी ही पार्टी के एक मंत्री के पीए के नौकर के घर से करोड़ों रूपये मिल रहे. इससे यह भी स्पष्ट होता है कि कांग्रेसी सिर्फ अपना घर भरने में भरोसा रखते हैं. इस घटना ने कांग्रेस के उन विधायकों के आरोपों को भी सही साबित कर दिया है, जिसमें वो मंत्रियों के भ्रष्टाचार की बात कह रहे हैं. जो विधायक दिल्ली में जाकर पार्टी के मंत्रियों को बदलने की मांग कर रहे थे। बहरहाल, धीरज साहू के बाद मंत्री आलमगीर आलम के पीए के नौकर के घर से रूपये की बरामदगी की घटना ने झारखंड ही नहीं देश भर में भाजपा को राज्य सरकार और इंडिया गठबंधन पर एक और हमले का बड़ा मौका बैठे-बिठाये दे दिया है. झारखंड सरकार में भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा और ज्यादा आक्रामक होगी और चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को इसका फायदा भी मिलेगा. दूसरी तरफ कांग्रेस-झामुमो के प्रत्याशियों को बड़ा नुकसान होगा. सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत उनके कई करीबी पहले से ही भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद हैं. अब यह पैसे की बरामदगी ईडी के उन आरोपों को और मजबूत करता है, जिसमें कहा जा रहा है कि झामुमो-कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है. आम लोगों में यही संदेश जायेगा कि वर्तमान सरकार में मंत्री-अधिकारी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं. कुल मिलाकर बीच चुनाव में मंत्री आलमगीर आलम भ्रष्टाचार का नया चेहरा व नया पोस्टर ब्यॉय बन गये हैं.

## बागबेड़ा में हत्या का प्लान बना रहे तीन बदमाश दो देसी कट्टा और गोली के साथ गिरफ्तार




**जमशेदपुर।** बागबेड़ा पुलिस ने केंद्रीय विद्यालय के पास छापेमारी कर तीन बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में हरिजन बस्ती निवासी अजय बाल्मिकी, रेलवे कॉलोनी निवासी विजय मुखी और गांधी नगर निवासी बजरंगी झा है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने दो देसी कट्टा, तीन जिंदा गोली और तीन मोबाइल बरामद किया है। सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में कुछ युवक किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर एक टीम का गठन किया और छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. प्रेम प्रसंग में करने वाले थे हत्या सिटी एसपी ने बताया कि अजय वाल्मीकि का साथी दिल्ली में रहकर काम करता है. उसका साथी कभीदकभी अपनी प्रेमिका से मिलने शहर आया करता है. उसके साथी की शक है कि उसकी प्रेमिका किसी और से बात करती है. इसी मामले को लेकर सभी किसी की हत्या की योजना बना रहे थे जिससे पहले ही पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया. फिलहाल सभी को जेल भेज दिया गया है।

# बिरसानगर के विभिन्न क्षेत्रों का सरयू राय ने किया भ्रमण

**जमशेदपुर।**

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को बिरसानगर जोन न - 3 बी ब्लॉक अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर सम्पर्क, समस्या व समाधान अभियान चलाया। इस दौरान श्री राय ने क्षेत्र की जनता से संवाद कर उनके क्षेत्र की हर छोटी बड़ी समस्याओं का अवलोकन किया तथा उनके समाधान का आश्वासन दिया। जनता ने गर्मी मे बार बार बिजली कटौती की समस्या बताई तो श्री राय की तुरंत विद्युत विभाग के जीएम से बात कर 100 केबी को बदलकर 200 केबी का ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। वही दुसरी ओर इलाके में छोटे पुल से लोगों को आने जाने की कठिनाई को देखते हुए नए पुल निर्माण कराने पर भी विचार किया गया। फिलहाल बड़े नाले पर गार्डवाल बनाने का सुझाव दिया गया. मोके पर विधायक के निजी सचिव सुधीर सिंह, जिला मंत्री विकाश गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित शर्मा, एसटी मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश कोया,मंडल अध्यक्ष - शंकर कर्मकार, काशीनाथ प्रधान, सीखेर राव, सरस्वती खामरी, अजय कुमार, राहुल सिन्हा, संजय कालिंदी, मोनी नाग, रेशमा सोय एवं बस्ती वासी उपस्थित थे।



# ट्रिगर्स के संपर्क में आना अस्थमा रोग बढ़ने के प्रमुख कारण: डॉ. जगदीश लोहिया

## विश्व अस्थमा दिवस 2024 की थीम- अस्थमा शिक्षा सशक्तीकरण

**जमशेदपुर।**

विश्व अस्थमा दिवस 2024 की थीम अस्थमा शिक्षा सशक्तीकरण पर ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तामोलिया जमशेदपुर के कंस्लटेंट इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. जगदीश लोहिया का कहना हैं कि उत्तेजक कारकों के संपर्क में आना, लंबे समय तक धुएं के संपर्क में रहना, चाहे वह बाहरी वाहन निकास/औद्योगिक से हो या फिर घर के अंदर जैव द्रव्यमान ईंधन जोखिम अस्थमा के लक्षणों को बढ़ा सकता है। डॉ. लोहिया के अनुसार ट्रिगर्स के संपर्क में आना, शहरीकरण और औद्योगीकरण अस्थमा बढ़ने के प्रमुख कारक हैं। सोमवार को जारी प्रेस विज्ञाप्ति मे डॉ. लोहिया न बताया कि अस्थमा से रक्त संबंधी होना, ऐटोपिक जिल्द की सूजन या हाई फीवर जैसी अन्य एलर्जी संबंधी स्थिति होना, अधिक वजन होना, धूम्रपान करने वाला होना, रसायनों जैसे व्यावसायिक कारकों के संपर्क में आने वाले लोग जोखिम उठाते हैं। उन्होंने बताया कि सूखी खाँसी, सांस लेने में कठिनाई, सीने में जकड़न, घरघराहट होना दमा के लक्षण हैं। ट्रिगर की पहचान:- के कारण वायुजनित एलर्जी जैसे परागकण, घर की धूल के कण, फफूंद बीजाणु, पालतू जानवरों की रूसी, सांस संबंधी संक्रमण जैसे सामान्य सर्दी (वायरल), ठंडी हवा, वायु प्रदूषक, कुछ दवाएं, गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स रोग (जीईआरडी) हैं।

डॉ. लोहिया के अनुसार यदि आपको अस्थमा है, तो आपको पता होना चाहिए कि आप अपने अस्थमा को नियंत्रित करने के लिए क्या कर सकते हैं और यदि आपका अस्थमा गंभीर है तो क्या करें। सबसे पहले, आपको अपने डॉक्टर की मदद से अपने अस्थमा ट्रिगर्स की पहचान करनी होगी और फिर एक अस्थमा एक्शन प्लान बनाना होगा। डॉ. लोहिया ने बताया कि इसमें अस्थमा ट्रिगर्स के संपर्क को हटाना या कम करना, अपने अस्थमा चेतावनी संकेतों को जानना, दवाएं न छोड़ना, नियमित रूप से इनहेलर लेना और सही तकनीक के साथ इसका उपयोग करना शामिल है। मालूम हो कि एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के अनुसार, सबसे आम इनडोर एलर्जी घरेलू धूल के कण, तिलचट्टे, धूल के कण और पराग कण हैं, जिसमें 63,000 अस्थमा रोगियों को कवर करते हुए पांच वर्षों में डेटा एकत्र किया गया था।



>> विचार

"मालूम हो कि सपा ने केवल पांच प्रत्याशी यादव बिरादरी के उतारे हैंजिनमें कन्नौज सीट पर खुद अखिलेश यादव,मैनपुरी से उनकी पत्नी डिंपल यादव,आजमगढ़ से चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव,बदायूं से शिवपाल यादव के बेटे आदित्ययादव और फिरोजाबाद सीट से रामगोपाल यादव के बेटे अक्षययादव चुनाव लड़ रहे हैं। इस मसले की गंभीरता को भांपतेहुए इसका फायदा उठाने की गरज से मायावती ने अपनी पार्टीकी ओर से चार प्रत्याशी यादव बिरादरी के दिए हैं। यह एक नयासमीकरण है जो गुल खिला सकता है। मौके की नजाकत को देखतेहुए भारतीय जनता पार्टी की कोशिश है कि अखिलेश यादव कोज्यादा से ज्यादा उनके परिवार से जुड़ी सीटों में ही उलझाकर रखा जाए ताकि वह अन्य सीटों के लिए समय ना निकल सके। एक दिन बाद तीसरे चरण का चुनाव प्रचार थम जाएगा। भारतीय जनतापार्टी और उसके बड़े नेता जहां चौथे चरण के चुनाव प्रचार मेंजोर-शोर से लगे हैं वहीं अखिलेश यादवअभी भी तीसरे चरण में ही फंसे हैं। इस बीच भारतीय जनता पार्टीने 5 मई को प्रधानमंत्री की सभा इटावा में रखी है।

# यूपी में भाजपा और सपा की अग्नि परीक्षा

**अनिल तिवारी**

उत्तर प्रदेश से बड़ी आस लगाए बैठी भारतीय जनता पार्टी के सामने तीसरे चरण के चुनाव में सबसेबड़ी चुनौती समाजवादी चक्रव्यूह को तोड़ते हुए 2019 में जीती हुई सीटों को बचाए रखने की है। तीसरे चरण में यादव बहुल जिन 10 लोकसभा सीटों पर 7मई को मतदान होना है,वहां 2019 में भाजपा ने आठ सीटें जीती थी। पहले के दो चरणों में 16सीटों पर हुए मतदान में रालोद का साथ मिला जबकि तीसरे चरण के इन क्षेत्रों में भाजपा का कोई सहयोगी दल नहीं है। हालांकि सबसे बड़े यादव महासभा को अपनेपाले में कर भाजपा यादव वोटो में सेंध लगाने का लगातार प्रयास करती रही है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहनयादव उत्तर प्रदेश के पिछड़ों को पार्टी के पक्ष में करनेके लिए लगातार प्रयास कर रहे उः धान के अंतर की राशि के लिए तरसती थी कांग्रेस, विष्णुदेव साय ने किया कांग्रेस पर प्रहार हैं। दूसरी तरफ सपा संस्थापकमुलायम सिंह यादव की अनुपस्थिति में पहला लोकसभा चुनाव लड़रहे पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव खुद चुनाव मैदान में उतरकर समाजवादी पार्टी की खोई हुई प्रतिष्ठा को पाने के लिए पूरी ताकत के साथ जुटे हुए हैं। सपा के लिए यह चुनावकरो या मरो जैसा बन चुका है। भारतीयजनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की 80सीटों में से 75 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। 2014में भाजपा को 71सीटें मिली थी,लेकिन 2019 मेंसीटों की संख्या घटकर 62 रह गई थी। दिल्ली की गद्दी पर तीसरी बार काबिज होने के लिए भाजपा ने उत्तर प्रदेश और बिहार पर अच्छी खासी मेहनतकी है और पुराने एनडीए के सहयोगियों को एक बार फिर से जोड़ा है। उत्तर प्रदेश में परचम लहराने के लिए भाजपा ने अपना दल,ओमप्रकाश राजभर,संजय निषाद की पार्टी से गठबंधनकिया है, वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जाट मतदाताओं को पाले में करनेके लिए रालोद को वापस एनडीए में लाई है। तीसरे चरण में प्रदेश की जिन दस लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। उनमें संभल,हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी,एटा, बदायूं, आंवला और



बरेली शामिल हैं। इनमें भाजपा ने 2014 में 10 में से 7सीटेंजीती जबकि 2019 में उत्तर प्रदेश के बाकी क्षेत्रों से भाजपा की सीटें कम हुई। लेकिन यादव बहुल इन क्षेत्रों में भाजपा ने अपनी साख मजबूत करतेहुए 10 में से 8 सीटें जीतने में कामयाबी हासिल की थी समाजवादी पार्टी केवल दोसीटों संभल और मैनपुरी तक सिमट कर रह गई थी। संभल सीट पर 2014में भाजपा को जीत मिली थी लेकिनमैनपुरी सीट 1996 से ही समाजवादी पार्टी के पास है। प्यार को लेकर शाहिद कपूर का चौंकाने वाला खुलासा, कहा- बॉलीवुड की 2 हीरोइनों ने मुझे धोखा दिया था और मेरे साथ.. तीसरे चरण वाले क्षेत्र में ओबीसीका बोलबाला है, इनमें यादव, लोध,काछी, शाक्य,मुराव समुदाय के लोग शामिल हैं। इसके अलावा यहां मुस्लिम मतदाता भी बड़ी संख्या में दखल रखते हैं। एटा,फिरोजाबाद,मैनपुरी, बदायूं और संभल जैसी लोकसभा सीटों पर यादव मतदाता निर्णायकस्थिति में है। यहां मुस्लिम वोट मिलने पर सपा उम्मीदवारमजबूत स्थिति में आ जाते हैं। संभल, बरेली, आंवला, बदायूं, फिरोजाबाद की सीट पर भी मुसलमान मतदाता अच्छी खासी पकड़ बनाए हुए हैं। एटा में लोध मतदाता निर्णायक हैं, जबकि काछी, शाक्य और मुरई समुदाय का एटा, बदायूं और मैनपुरी में प्रभाव है समाजवादी पार्टी पहली बार लोकसभा चुनावोंमें बिना मुलायम सिंह के चुनाव मैदान में है। शायद इसलिए भी अखिलेश यादव के लिए यह कड़ी परीक्षा है। सपा के गठन के बादसे अब तक जितने भी चुनाव हुए, उसमें मुलायम की बड़ी भूमिका रहती थी। यूपी में विपक्षी गठबंधनको अखिलेश लीड कर रहे हैं। पिछले दो लोकसभा चुनावों और विधानसभाचुनावों में सपा कुछ खास नहीं कर पाई है। जमीन से जुड़े नेता होने के कारण ही मुलायम को धरती पुत्र कहा जाता रहा है।वह पार्टी को यादवों की पार्टी बनाने के साथ ही पिछड़े वर्ग की पार्टी भी बनाए रख सके। यह इसलिए संभव हो सका कि पिछड़े वर्ग के नेताओं से उनका सामंजस्य बेहतर रहा। इटावा,मैनपुरी, कन्नौजमें यादव बहुल सीट पर मजबूत एमवाई समीकरण के कारण वह हमेशामैदान में बाजी मारते रहे। यादव के आलवा दूसरी प्रभावशालीपिछड़ी जातियों पर पकड़ से वह हमेशा आगे रहे। अखिलेश कीराजनीति में कभी कभी ऐसा लगता है कि पार्टी के कोर वोटर्सयादव और मुसलमान भी कहीं उनका साथ न छोड़ दें। आज अखिलेश केसाथ आजम खान कितना हैं, ये भी समझ में नहीं आता। ओमप्रकाश राजभर,संजय निषाद,जयंत चौधरी,दारा सिंह चौहान,केशव देव मौर्य आदि साथ छोड़ चुकेहैं। अपना दल कमेरावादी से भी उनका संबंध खराब हो चुकाहै। समाजवादीपार्टी के लिए सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि इस बार बहुजनसमाज पार्टी उसके साथ नहीं है। पिछली बार जब सपा ने बसपाऔर रालोद के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था तो इन दस में से दोसीटें जीतने में कामयाब हुई थी। हालांकि इस बार कांग्रेस के साथ समझौताहुआ है लेकिन बहुजन समाज पार्टी के मैदान में उतर आने के बादलगभग सभी सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला हो गया है। सपा ने इस बार परिवार के बाहर के यादवों को टिकट नहीं दिया है। यादव सपा के मुख्य समर्थक माने जाते हैं लेकिन केवल परिवारजनोंको ही टिकट दिए जाने के कारण यादवों में भी रोष है। भाजपाऔर बसपा इस मसले को जोर-जोर से प्रचारित कर रहे हैं। मालूम हो कि सपा ने केवल पांच प्रत्याशी यादव बिरादरी के उतारे हैंजिनमें कन्नौज सीट पर खुद अखिलेश यादव,मैनपुरी से उनकी पत्नी डिंपल यादव,आजमगढ़ से चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव,बदायूं से शिवपाल यादव के बेटे आदित्ययादव और फिरोजाबाद सीट से रामगोपाल यादव के बेटे अक्षययादव चुनाव लड़ रहे हैं। इस मसले की गंभीरता को भांपतेहुए इसका फायदा उठाने की गरज से मायावती ने अपनी पार्टीकी ओर से चार प्रत्याशी यादव बिरादरी के दिए हैं। यह एक नयासमीकरण है जो गुल खिला सकता है। मौके की नजाकत को देखतेहुए भारतीय जनता पार्टी की कोशिश है कि अखिलेश यादव कोज्यादा से ज्यादा उनके परिवार से जुड़ी सीटों में ही उलझाकर रखा जाए ताकि वह अन्य सीटों के लिए समय ना निकल सके। एक दिन बाद तीसरे चरण का चुनाव प्रचार थम जाएगा। भारतीय जनतापार्टी और उसके बड़े नेता जहां चौथे चरण के चुनाव प्रचार मेंजोर-शोर से लगे हैं वहीं अखिलेश यादवअभी भी तीसरे चरण में ही फंसे हैं। इस बीच भारतीय जनता पार्टीने 5 मई को प्रधानमंत्री की सभा इटावा में रखी है। भाजपा के रणनीतिकारोंका मानना है कि इस एक सभा से कई सीटों का काम सध जाएगा। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश की योगीसरकार तथा उसके सात मंत्रियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगीहै। यह चुनाव इन मंत्रियों के साथ-साथयोगी सरकार में प्रतिष्ठा और जन विश्वास की कसौटी को भीपरखने वाले हैं। भाजपा में भी अंदर खाने रण मची हुईहै। कई सीटों पर भाजपा दो फाड़ है। आगरा जिले की फतेहपुरसीकरी लोकसभा सीट पर भाजपा के ही विधायक चौधरी बाबूलालभाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के विरोध में खड़े हैं। राजकुमार चाहर के विरोध में उन्होंने अपने बेटे रामेश्वरचौधरी को निर्दलीय के रूप में मैदान में उतार दिया है। इसकी गंभीरता को देखते हुए भाजपा के चाणक्य अमित शाह लगातारकई बार बड़े नेताओं के साथ बैठकें कर चुके हैं। बहरहाल सभी की निगाहें ब्रज और रुहेलखंड क्षेत्र की इन 10सीटों पर है,क्योंकि यहां जो बुनियाद रखी जाएगीइसका असर खास कर पिछड़ी जातियों के बीच अगले चरण में स्पष्टरूप से दिखाई देगा। कोर वोटर के लिहाज से यह क्षेत्र समाजवादीपार्टी का अपना इलाका है। मुलायम सिंह की अगुवाई में मुस्लिम और यादव बहुल इन सीटों पर ही काबिज होकर समाजवादीपार्टी ने अपना राजनीतिक झंडा बुलंद किया था। पिछले दो बारसे मुंह की खा रही समाजवादी पार्टी अगर अबकी बार जीतनेसे चूक जाती है तो उसे हमेशा के लिए अपनी जमीन खोने का डरहोना स्वाभाविक है।

## संपादकीय

# मणिपुर में शांति की पहल हो

कभी बेहद शांत कहे जाने वाले मणिपुर में हिंसक संघर्ष शुरू हुए एक साल बीत चुका है। बीते साल तीन मई से राज्य में जातीय संकट के भयावह दृश्य नजर आये थे। जातीय संकट से जूझ रहे राज्य में बहुसंख्यक मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के विरोध में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' कालांतर हिंसक संघर्ष में बदल गया था। इसके बाद मणिपुर की घाटी में रहने वाले मैतेई व पहाड़ियों में रहने वाले आदिवासी कुकी समुदाय के बीच हिंसक झड़पे शुरू हो गई थीं। बताते हैं कि संघर्ष में भाजपा शासित इस राज्य में दो सौ से अधिक लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। इतना ही नहीं, संघर्ष में हजारों लोग विस्थापित हो चुके हैं। जो विभिन्न शरणार्थी शिविरों में अपने दिन गुजार रहे हैं। यह विडंबना ही है कि केंद्र व राज्य सरकारें दोनों समुदायों के बीच उत्पन्न मतभेदों को दूर करने में विफल रही हैं। जिसके चलते राज्य में शांति व सामान्य स्थिति की बहाली नहीं हो पायी है। विपक्षी दल कुशासन व अक्षमता के आरोप लगाकर लगातार मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हटाने की मांग करते रहे हैं। लेकिन भाजपा उनके साथ लगातार खड़ी नजर आई। हालांकि, बीते साल स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि पूरा देश मणिपुर के साथ खड़ा है। यह भी कि केंद्र और राज्य सरकारें इस जटिल मुद्दे के समाधान के लिये यथासंभव प्रयास करेंगी। हालांकि, कई बार केंद्र सरकार की ओर से हिंसा प्रभावित राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार की बात भी कही गई। वहीं दूसरी ओर विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि प्रधानमंत्री देश-दुनिया की यात्राएं लगातार करते हैं लेकिन उन्होंने मणिपुर जाकर दूरियां घटाने का प्रयास नहीं किया। विपक्ष कहता रहा है कि केंद्र सरकार ने मणिपुर के लोगों को उनकी किस्मत के भरोसे छोड़ दिया। कहा जाता रहा है कि केंद्र की राजनीति में मणिपुर की बड़ी भूमिका नहीं होती, इसलिए इस संकट के समाधान की तरफ गंभीर पहल नहीं हुई। दरअसल, राज्य से दो ही सांसद चुने जाते हैं, इसलिये चुनाव को लेकर शेष भारत जैसी गहमागहमी राज्य में नजर नहीं आई। इसके बावजूद अच्छी बात यह है कि इस दुःस्वप्न के बाद भी मणिपुरियों की लोकतंत्र में आस्था को कम नहीं किया जा सका। लोगों ने शेष भारत से अधिक प्रतिशत में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। असामाजिक तत्वों द्वारा ईवीएम को नुकसान पहुंचाने तथा मतदाताओं को धमकाकर मतदान को बाधित करने के प्रयासों को लोगों ने भारी मतदान से निरर्थक बना दिया। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारों को अपने व्यवहार में धीरता-गंभीरता लानी चाहिए। उन समूहों व संगठनों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए जो दोनों समुदायों के जख्मों पर मरहम लगाने का काम कर सकें। मणिपुर की तनावपूर्ण स्थितियों को काफी समय हो चुका है। यह राज्य अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट एक संवेदनशील क्षेत्र है। इस सीमावर्ती राज्य में शांति और स्थिरता लाने के लिये नीतियों में बदलाव लाने की सख्त जरूरत है

# इंदौर: अक्षय कांति बम पर बीजेपी में ही घमासान

**संजय श्रीवास्तव**

इंदौर लोकसभा सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी अक्षय कांति बम को तोड़ने और पार्टी ज्वाइन कराने को लेकर बीजेपी में जबरस्त घमासान मचा हुआ है। लंबे समय के बाद इस मसले पर लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष एवं इंदौर की 9 बार की सांसद सुमित्रा महाजन 'ताई' और भाजपा के बड़े नेता कैलाश विजयवर्गीय (भाई) में 'ठन' गई है। विजयवर्गीय ने तो बम से जुड़े बयानों को लेकर ताई की अपरोक्ष तरीके से निन्दा तक कर डाली है। बीते मंगलवार 30 अप्रैल को कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने अपना नाम वापस ले लिया था। घटनाक्रम से कांग्रेस में हड़कंप मच गया था। पर्चा वापस लेने के लिए बम कैलाश विजयवर्गीय के सिपहासालार एवं इंदौर के विधायक रमेश मैंदोला के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे थे। नाम वापस लेने के बाद कलेक्टोरेट से भाजपा के दफ्तर तक जिस गाड़ी में सवार होकर बम निकले थे, उसमें कैलाश विजयवर्गीय भी बैठे नजर आये थे। मसला यहीं नहीं रुका था। विजयवर्गीय ने एक ट्वीट करते हुए बम का स्वागत प्रधानमंत्री, केन्द्रीय गृह मंत्री और पार्टी अध्यक्ष नड्डा की ओर से भी किया था। यह पूरा मामला बीते मंगलवार से ही सुर्खियों में बना हुआ है। कांग्रेस ने इसे मुद्दा बनाकर घेर लिया है। कांग्रेस ने इंदौर में प्रदर्शन किए हैं। राज्य की 17 सीटों पर वोटिंग होना है। इन 17 सीटों में इंदौर सहित 9 लोकसभा क्षेत्रों में 7 मई को वोट डाले जाने हैं। बची हुई 8 सीटों पर 13 मई को वोटिंग होगी। कांग्रेस लगातार वोटरों से अपील कर रही है कि भाजपा की बेईमानी का जवाब खुलकर दे। नोटा का बटन दबाये। दरअसल देश के सबसे स्वच्छ शहरों का लगातार पहला ईनाम जीतने वाले इंदौर की जनता को राजनीति की कथित गंदगी भरा भाजपा का 'खेल' रास नहीं आया है। बीते चार-पांच दिनों से जनता के बीच यही चर्चा है कि बेहद सेफ सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने आखिर यह क़दम क्यों उठा लिया है? वोटरों को दो राष्ट्रीय दलों में से एक को चुनने का अवसर आखिर क्यों देना



मुनासिब नहीं समझा गया है? कांग्रेस और वोटरों के मन की बात को सुमित्रा महाजन ने हवा दे दी है। सुमित्रा महाजन ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में खुलकर कहा है, 'अक्षय कांति बम को भाजपा में शामिल कर लिए जाने के बाद लगातार फोन आ रहे हैं। लोग सवाल पूछ रहे हैं। कह रहे हैं, वे अब नोटा को वोट डालेंगे।' ताई के बयान के बाद रार तेज हो गई है। मध्य प्रदेश भाजपा के नेताओं की ओर से इस मामले में तर्कसंगत जवाब नहीं आया है। ताई के बयान के बाद कांग्रेस को अलबत्ता बल मिल गया है।चार दिनों से मचे घमासान के बाद रविवार को मोहन यादव सरकार के मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सामने आये। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस की। प्रेस कांफ्रेंस में बम ने अपने विचार रखे। कैलाश विजयवर्गीय की सफाई और ताई को दिया गया 'जवाब' पूरे विवाद को बढ़ाता नज़र आ रहा है। प्रेस कांफ्रेंस के आरंभ में ही कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, 'ताई वरिष्ठ नेता हैं। उनसे जुड़े सवालों का कोई जवाब वे नहीं देंगे। इसके साथ ही विजयवर्गीय ने यह भी कहा, 'हमने अक्षय पर दबाव नहीं डाला। वे मर्जी से भाजपा में आये। कांग्रेस को छोड़ा। विजयवर्गीय यहीं नहीं रुके और उन्होंने कहा, 'लोकसभा चुनाव में इंदौर सीट पर 14 उम्मीदवार हैं, लेकिन कांग्रेस नोटा की मांग कर रही है। मैं उनके इस क़दम को निंदा करता हूँ। हमारी कोशिश है कि अधिकतम मतदान हो, हमारा हर बूथ पर नेटवर्क है। जनता से आग्रह है कि अपने वोट का इस्तेमाल ज़रूर करें, यह मोदी को तीसरी बार पीएम बनाएगा। विजयवर्गीय द्वारा कांग्रेस की निन्दा को ताई से भी जोड़ा जा रहा है। भाजपा का नाराज़ धड़ा मान रहा है, विजयवर्गीय ने पार्टी फोरम पर अपनी ग़लती स्वीकारने की बजाय अपरोक्ष तौर पर ताई (नोटा वाली बात कही थी) की भी निन्दा कर दी है। इंदौर में 27 लाख वोटर हैं। इंदौर भाजपा का गढ़ है। इस सीट को 1989 से भाजपा लगातार जीत रही है। सीट से सुमित्रा महाजन 9 बार लोकसभा पहुंची हैं। साल 2019 का चुनाव शंकर ललवानी ने देश भर में बड़ी जीतों में इंदौर को जीतकर दर्ज किया था। कैलाश विजयवर्गीय एंड कंपनी के क़दम के बाद से भाजपा का बहुत बड़ा धड़ा नाराज है। यह धड़ा ललवानी की सबसे बड़ी जीत के लिए जमकर मेहनत कर रहा था। अब उसे लग रहा है कि कांग्रेस के हटने के बाद पिछले चुनाव जैसी जीत भी इंदौर में भाजपा की हो पायेगी या नहीं? प्रेस कांफ्रेंस में अक्षय कांति बम ने मीडिया से खुलकर चर्चा करते हुए तमाम सफाई दी। उन्होंने कहा, 'नाम वापसी के आखिरी दिन मैंने 12 बजे कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन वापस लिया। कांग्रेस को अपना प्रत्याशी घोषित करने के लिए 3 घंटे थे, लेकिन कांग्रेस ने नहीं किया। यह मेरी ईमानदारी है कि हारी हुई सीट पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हुआ। चुनाव के बाद जाता तो गद्दारी होती, यह मेरी ईमानदारी है। बम ने कहा, 'मैं भाग्यशाली हूं कि कैलाश विजयवर्गीय जी का संरक्षण मिला है। कैलाश जी से मेरे 20 साल और पिता के 35 साल पुराने संबंध हैं। अपनी समस्या पिता कांति बम को बताई, उन्होंने कैलाशजी को बताया, उनकी सलाह पर नामांकन वापस लिया। ताई देश की बड़ी नेता हैं। मैं उनकी बात का जवाब दूं इतनी मेरी औकात नहीं है।

# अजय देवगन की मां का रोल निभाएंगी मधु!



**उमा मिश्रा**

'फूल और कांटे' से अजय देवगन के साथ डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस मधु अब एक्टर की मां का किरदार निभाएंगी। और ऐसा करने में उन्हें कोई गुरेज नहीं। उन्होंने एक इंटरव्यू में स्टेटमेंट दिया था कि अगर उन्हें कभी अजय देवगन की मां का किरदार निभाने को दिया जाएगा, तो वह मना कर देंगी। अब एक्ट्रेस ने इसी पर सफाई दी है। कहा हि वह एक एक्टर के रूप में विकसित हो गई हैं और ऐसे रोल्स को वह चैलेंज की तरह ही लेंगी। 'जूम' से खास बातचीत में एक्ट्रेस मधु ने अपने पहले बयान पर रिएक्ट किया। कहा, 'मैंने वो बयान जिस कंटेक्स्ट में दिया था, उसे तो गायब ही कर दिया गया। मैंने कहा था कि अगर कभी ऐसा हुआ तो। मैं अब खुद को करेक्ट कर रही हूं क्योंकि मैं एक एक्टर के रूप में विकसित हो चुकी हूं। मैंने वो बयान 2 से 3 साल पहले दिया था और वो भी किसी और संदर्भ में। उसके बाद मुझे इस बात का एहसास हुआ कि मैंने कई अलग-अलग किरदार निभाए हैं। मधु ने आगे कहा, 'मैंने सामंथा के साथ शाकुंतलम में एक अप्सरा का रोल किया। इसलिए जब मैं एक एक्टर के रूप में रोल्स करती हूं तो वाकई मैं उसे खुलकर जीती हूं। 90 के दशक में हमें एक बॉक्स में बंद कर दिया जाता छा। हमने रोमांस किया। गाना गाया। डांस किया लेकिन अब ओटीटी की कहानी और कंटेंट को देख लगता है कि ये चीजें बदल चुकी हैं। हर एक्ट्रर्स को अच्छे मौके मिल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, 'तो, आज मैं एक एक्टर के रूप में सोच रही हूं कि अगर मुझे कोई ऐसी भूमिका मिलती है जहां वो कहते हैं कि आपको अजय से अधिक उम्र का दिखना होगा, और उनकी मां की भूमिका निभानी होगी, तो मैं इसे एक चुनौती के रूप में लूंगी। अगर मुझे कोई ऐसी भूमिका मिलती है जिसमें मुझे किसी पुराने लीड एक्टर की मां की भूमिका निभानी है, तो मैं इसे एक चुनौती के रूप में देखूंगी, न कि किसी भेदभाव, विवाद या उस तरह की बातचीत के रूप में। मुझे देखने दो पहले कि क्या मैं उस किरदार को करने के लिए राजी हो सकती हूं या नहीं।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक , प्रकाशक व संपादक सरोज चौधरी द्वारा न्यू लोक भारती प्रेस, वार्ड 10 कोकर औद्योगिक क्षेत्र कोकर रांची से मुद्रित तथा ई -37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित, संस्थापक संपादक :स्व. राधाकृष्ण चौधरी

न्यूज़ अपडेट

## आइएएस बनकर समाज सेवा करना चाहता है : वीर राज

**मधुपुर।** अनुमंडल क्षेत्र के कुंडू बंगला निवासी शिक्षिका शीला कुमारी और अनुमंडलीय अस्पताल के फार्मासिस्ट रूपेश कुमार के पुत्र वीर राज आइसीएसई मैट्रिक परीक्षा में 96.7% लाकर स्कूल के टॉप थर्ड में अपनी जगह बनाई। वीर राज कार्मेल स्कूल मधुपुर के छात्र हैं। उन्होंने बायोलॉजी में 99, मैथ में 97, केमिस्ट्री में 98, कंप्यूटर में 99 अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उसने अपने सफलता का श्रेय माता-पिता के अलावे शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया है। उसने कहा कि वह आइएस बनकर देश का सेवा करना चाहता है। वीर राज का आर के मिशन देवघर में इंटरमीडिएट साइंस में पढ़ाई के लिए चयन हो गया है।



## मैट्रिक एवं इंटर के सफल प्रतिभागी स्वामी विवेकानंद टैलेंट अवार्ड एवं योगमाया प्रतिभा सम्मान से होंगे अलंकृत

**देवघर।** स्थानीय विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान, योगमाया मानवोत्थान ट्रस्ट तथा साइंस एंड मैथेमेटिक्स डेवलपमेंट आर्गेनाईजेशन के संयुक्त बैनर तले, स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि सप्ताह के अवसर पर सात जुलाई को दीनबंधु उच्च विद्यालय परिसर स्थित रवींद्र सभागार में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ़ सेकेंडरी एजुकेशन, झारखण्ड अधिविद्य परिषद् एवं अन्य बोर्ड के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा - 2024 में उत्तीर्ण होने वाले सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए साइंस आर्गेनाईजेशन के राष्ट्रीय सचिव डॉ. जय चन्द्र राज ने कहा - माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक में इस वर्ष 85 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद टैलेंट अवार्ड की मानद उपाधि से अलंकृत की जाएगी। विवेकानंद संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव एवं योगमाया ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई. अंजनी कुमार मिश्रा ने जानकारी दी कि 60 से 84.9 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को योगमाया प्रतिभा सम्मान की मानद उपाधि से अलंकृत की जाएगी।




## गरीब के आशियाने में लगी आग, सामान जलकर हुआ राख



**मोहनपुर।** क्षेत्र के झालर पंचायत के जमरो गांव के गुरमा राउत के मकान में बीती रविवार रात को शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। तेज हवा के चलते आग और भी ज्यादा भड़क गई। देखते ही देखते आग ने अपने आसपास के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों की कड़ी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण उठी चिंगारी से कच्चे मकान पर आग लग गई। तेज हवा के कारण आग फैलती चली गई। जिसके कारण उसके घर में लगी आग ने सारा सामान को जलाकर राख कर दिया है। गुरमा राउत ने बताया कि बहुत ही गरीब है और पूरा परिवार मजदूरी करके पेट पालता है। गरीब के चलते परिवार आज भी कच्चे मकान में रह रहा था लेकिन आग लगने से परिवार भुखमरी की कगार पर आ गया है। और अनाज का दाना तक उसके पास नहीं बचा है। उसके परिवार के सामने रोटी का संकट भी खड़ा हो गया। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से परिवार की आर्थिक मदद दिलाने की मांग की है।

# गांव में मिले किशोरी के कंकाल मामले का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

### शादी के लिए नाबालिग नहीं थी तैयार, प्रेमी ने दो दिनों तक जंगल में बंधक बनाकरना किया दुष्कर्म फिर हत्या कर एसिड से गला दिया शव

**दुमका।**

पिछले माह 29 अप्रैल को तालझारी थाना की पुलिस ने सीमागढ़ा पहाड़ से जिस किशोरी का नरकंकाल बरामद किया था , उस मामले का खुलासा करते हुए नाबालिग के प्रेमी पिंकू मंडल उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवक ने शादी से इंकार करने पर दो दिन तक युवती को पहाड़ पर बांधकर रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद भी नाबालिग शादी के लिए तैयार नहीं हुई तो गला दबाकर हत्या कर दी और शव को एसिड डालकर नष्ट कर दिया । पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर युवती के कुछ कपड़ें और युवक की बाइक बरामद की है ।




**एसपी ने दी जानकारीः** एसपी दुमका पीतांबर सिंह खेरवार ने प्रेसवार्ता कर बताया कि आठ दिन पूर्व 29 अप्रैल को पूर्व तालझारी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग का कंकाल बरामद किया गया था। उस कंकाल के बाल काफी लंबे थे और बगल में कुछ वस्त्र थे, जिससे उसकी शिनाख्त पास के ही गांव के एक परिवार ने अपनी 17 वर्षीया पुत्री के तौर पर की थी जो 25 अप्रैल से गायब थी।

इस मामले का खुलासा करते हुए दुमका एसपी ने बताया कि घरवालों ने उक्त किशोरी की शादी देवघर में तय कर दी थी । उसी गांव का पिंकू मंडल नाबालिग से प्रेम करता था। जब उसे शादी तय होने की बात पता चली तो उसने नाबालिग पर शादी का दबाव डाला। युवक ने 25 अप्रैल को मिलने के बहाने पर पहाड़ पर बुलाया। किशोरी भी शौच के बहाने उससे मिलने के लिए चली गई। पहुंचने के बाद युवक ने उससे कहा कि वह इस शादी के लिए मना कर दे और मुझसे शादी कर ले लेकिन वह इसके तैयार नहीं हुई । किशोरी ने कहा कि पिता ने शादी तय कर दी है, इसलिए घरवालों की मर्जी के खिलाफ नहीं जाएगी। प्रेमी ने किशोरी को अपने कब्जे में लेकर दो दिन तक जंगल में बंधक बनाकर रखा और 27 अप्रैल की शाम उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। साक्ष्य छुपाने के लिए शव को एसिड डालकर जला दिया ।

**दो दिन तक बंधक बनाकर किया दुष्कर्मः** एसपी ने बताया कि शादी से इंकार करने पर पिंकू ने युवती को रस्सी से बांध दिया और दो दिन तक लगातार उसके साथ गलत काम करते रहा। वह गलत काम करने के बाद अपने घर चला आता था और दूसरे दिन फिर जाकर गलत काम करता था । इसके बाद भी किशोरी नहीं मानी तो गला दबा दिया। बेसुध होने के बाद बाइक पर बैठाकर घटनास्थल से कुछ दूरी पर पेड़ के नीचे ले गया। वहां पहुंचने पर किशोरी की जब मौत हो गई तो एसिड डालकर जला दिया । एसपी ने कहा कि जिस दुकानदार से उसने बैटरी में डालने वाला एसिड खरीदा था, उसने बेचने की बात स्वीकार की । एसपी ने बताया कि मृतका और प्रेमी के पिता गहरे दोस्त है। दो साल से किशोरी और आरोपित के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। एक बार गांव वालों ने दोनों को एक साथ देख लिया था। इसके बाद गांव के लोगों ने समझौता कराकर मामला शांत करा दिया । इसके बाद भी युवक उसके पीछे हाथ धोकर पड़ा रहा।

**पॉक्सो एक्ट भी शामिल होगा एफआईआरः** आरोपित पर पहले से किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज था। शव मिलने के बाद हत्या और दो दिन तक दुष्कर्म करने के कारण पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## लोकसभा आम चुनाव-2024 में लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान हेतु बनाया गया सुविधा केन्द्र व पीवीसी

**दुमका।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक-2415 से प्राप्त निदेश के आलोक में निर्वाची पदाधिकारी 02-दुमका लोकसभा क्षेत्र सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव, 2024 में लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु तिथि / समय निर्धारित किया गया है। साथ ही सुविधा केन्द्र एवं पीवीसी बनाया गया है।

पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथि सुविधा केन्द्र (एवं पीवीसी निम्न प्रकार है:-दिनांक 07.05.2024 को पूर्वा0 07:00 से शाम 05:00 बजे तक सिंहभूम /खूँटी/लोहरदगा /पलामू के लिए प्राथमिक विद्यालय, पुलिस लाइन, दुमका सदर को सुविधा केंद्र, पोस्टल वोटिंग सेन्टर बनाया गया है।

दिनांक 08.05.2024 एवं 09.05.2024 को पूर्वा0 9:00 से शाम 05:00 बजे तक सिंहभूम /खूँटी/लोहरदगा /पलामू (आवश्यक सेवा सहित) के लिए दुमका समाहरणालय के ब्लॉक सी मनरेगा एम आई एस कोषांग, दुमका को सुविधा केंद्र, पोस्टल वोटिंग सेन्टर बनाया गया है।

दिनांक 16.05.2024 एवं 17.05.2024 पूर्वा० 9:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक चतरा/ कोडरमा/हजारीबाग (आवश्यक सेवा सहित) के लिए दुमका समाहरणालय के ब्लॉक सी मनरेगा एम आई एस कोषांग, दुमका को सुविधा केंद्र पोस्टल वोटिंग सेन्टर बनाया गया है।

दिनांक 20.05.2024 एवं 21.05.2024 को पूर्वा० 9:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक धनबाद/गिरिडीह/रांची/जमशेदपुर (आवश्यक सेवा सहित)के लिए दुमका समाहरणालय के ब्लॉक सी मनरेगा एम आई एस कोषांग, दुमका को सुविधा केंद्र पोस्टलवोटिंग सेन्टर बनाया गया है।

उपरोक्त तिथि को सुविधा केन्द्र एवं पीवीसी में अनुप्रमाणनकर्ता ऑफिसर, मतदान पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## मात्र 16 दिनों में पीजी सेमेस्टर-1 का परिणाम हुआ प्रकाशित

**दुमका।**

सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के परीक्षा विभाग ने सोमवार को पीजी सेमेस्टर-1, सत्र- 2023-25 का परीक्षा परिणाम प्रकाशित कर दिया, जिसमें कला संकाय के कुल 3, 874 परीक्षार्थियों में 93.70 प्रतिशत। विज्ञान संकाय के कुल 1, 693 परीक्षार्थि यों में 85.17 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय के कुल 161 परीक्षार्थियों में 96.27 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किये गए। परिणाम मंगलवार से विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है।


विवि द्वारा उक्त परीक्षा 6 से 20 अप्रैल तक आयोजित की गयी थी और मात्र 16 दिनों में ही परीक्षा विभाग की तत्परता से रिजल्ट प्रकाशित कर दिया गया। कोरोना के कारण और नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के कारण अनियमित हुए सत्र को नियमित करने के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. विमल प्रसाद सिंह के नेतृत्व में परीक्षा विभाग लगातार प्रयासरत हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ. विमल प्रसाद सिंह ने कहा कि कोरोना और नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में हो रही समस्याओं के कारण कुछ सत्र अनियमित हुए हैं। सभी अनियमित सत्र को बहुत जल्दी परीक्षा विभाग के सहयोग से नियमित कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा अनियमित सत्र को नियमित करने में विवि के शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी ताकि परीक्षा का परिणाम जल्द प्रकाशित किया जा सके। इसके लिए मूल्यांकन कार्य को केंद्रीकृत कर दिया गया है जिसके कारण आयोजित परीक्षाओं का रिजल्ट जल्दी प्रकाशित हो रहा है।

## बच्चों की पढाई जारी रखने के लिए चितरा डीएवी में ऑनलाइन कक्षाओं की हुई शुरुआत

**चितरा।**

एस पी माइंस चितरा कोलियरी स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में सोमवार से वर्ग एलकेजी से आठवीं तक कि पढ़ाई बाधित ना हो इसलिए ऑनलाइन माध्यम से वर्ग संचालन की शुरुआत कर दी गई। बता दें कि अत्यधिक गर्मी और लू को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार के आदेशानुसार आठवीं वर्ग तक के कक्षा को निलंबित कर दिया गया है। इस बारे में शनिवार को प्राचार्य डॉ राघवेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में ईसीएल महाप्रबंधक सह स्थानीय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ए के आनंद के साथ विद्यालय की शिक्षा-व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई इसके साथ ही कक्षा आठवीं तक ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई जारी रखने का निर्णय लिया गया।इस दौरान प्राचार्य डॉ तिवारी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण निर्णय से हमारे बच्चे घर मे बैठकर पढ़ाई जारी रखते हुए अपने समय का सदुपयोग कर सकते हैं। छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास ही हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए हमें जो भी ज़रूरी कदम उठाने होंगे वो किया जाएगा। ऑनलाइन क्लास लेने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं में पी के साह, के पी विद्यार्थी, पी एम नायक, ए के मिश्र, विवेक सुमन, रौशन रंजन, पी के झा, पप्पू ठाकुर, अर्चना सिंह, बिंदु कुमारी, ऋचा कुमारी, प्रीति सिंह, रूपा कुमारी आदि शामिल थे। यह जानकारी शिक्षक सह मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने दी।




## लहरिया कट बाइकर्स चालकों से लोग परेशान, प्रशासन मौन

**पालोजोरी।** लहरिया कट बाइकर्स चालकों से लोग हैं परेशान, बताया जाता हैं की आयें दिन पालोजोरी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नौसिखिया बाइकर्स चालकों की होड़ सड़कों पर रफ़्तार के साथ रपट्टा मारते हुए देखने को मिल रहे है। जबकि वहीं कम उम्र के नौसिखिया बाइकर्स चालक बिना किसी डर भय के रपट्टा मारते हुए भी हिचकते नहीं। साथ ही अपाची जैसे बाइक पर सवार होकर नौसिखिया बाइकर्स चालक लहरिया कट खूब मारते हैं। साथ ही सुरक्षा के लिहाज से बिना हेलमेट में ही अक्सर इस तरह के युवाओं को रोड पर लोफरो की भांति मिल जाया करते हैं। जबकि पथ परिवहन विभाग की और से बड़े-बड़े नियम कायदे देखने को मिल जाते हैं। जब किसी पार्टी या चुनावी सभा हो तब प्रशासन को अपने कार्यों को लेकर अग्रसर रहते हैं। साथ ही आयें दिन कही ना कही सड़क हादसे में प्रतिदिन हर एक घर उजड़ता हुआ देखने को मिल जाते हैं। सड़क जाम होता है 2 घटें बाद वहीं प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा सड़क जाम को खुलवा दिया जाता है। जबकि फिर भी इस तरह के घटनाक्रम की रोकथाम नही हो पाती है। और आए दिन ऐसी घटनाएं हर-दिन देखने को मिलते रहता है। जबकि समय समय पर प्रशासन का भय भी जरूरी है।

## मोहनपुर में पशु तस्करी के खिलाफ कार्रवाई, पुलिस ने 25 मवेशियों को कराया मुक्त, तीन तस्कर गिरफ्तार



**मोहनपुर।** पुलिस ने पशु तस्करी के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है पुलिस ने 25 पशुओं को मुक्त करते हुए तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। मोहनपुर थाना प्रभारी प्रियरंजन कुमार के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में पुलिस को यह सफलता मिली है।

मोहनपुर थाना प्रभारी की नेतृत्व में की गई कार्रवाई दरअसल मोहनपुर थाना प्रभारी प्रियरंजन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पिकअप वैन से पशुओं को लोड कर मोहनपुर की ओर से लाया जा रहा है जहां उसे पालोजोरी हटिया की ओर ले जाएगा। यह सूचना मिलने के बाद मोहनपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में रात्रि में बलथर की ओर से आ रही पिकअप वैन चूलिहया हाई स्कूल के पास विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इसमें पुलिस को यह सफलता मिली है।

» कुल 25 पशुओं को पुलिस ने कराया मुक्त 3 तस्कर गिरफ्तार

पुलिस ने मवेशी लदे तीन पिकअप वैन जब्त कर लिया। तलाशी के दौरान पीकॉक वैन पर 25 पशु पाए गए । पुलिस ने तत्काल तीनों पिकअप को जप्त कर तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने मवेशियों की स्वास्थ्य जांच के लिए मौके पर पशु चिकित्सा को बुलाया पशु चिकित्सा मवेशियों को स्वास्थ्य जांच कर रहे हैं।

» छापेमारी टीम में ये थे शामिल

थाना प्रभारी प्रियरंजन कुमार,श्वेत प्रकाश दुबे, सरवन कुमार यादव, राकेश कुमार, राम कुमार साह,रोहित कुमार, बंसीलाल यादव शामिल थे।

# संवेगात्मक अभिव्यक्ति में लैंगिक इच्छाओं पर नियन्त्रण जरूरीः डॉ0 शर्मा

### आधुनिक मनोविज्ञान के जनक सिगमंड फ्रायड की मनायी गई जयंती

**दुमका।**

सिदो कान्हू मुर्मू विश्विद्यालय, दुमका के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में विभागाध्यक्ष सह मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के नोडल ऑफीसर डॉ0 विनोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आधुनिक मनोविज्ञान के जनक डॉ सिगमंड फ्रायड की मनायी गई जयंती।

इस अवसर पर डॉ0 शर्मा ने कहा कि समाज में मनोविकारी आचरणों पर नियंत्रण तथा संवेगात्मक अभिव्यक्ति में लैंगिक इच्छाओं पर नियंत्रण ज़रूरी है। मानसिक तनाव, दवाब, चिंता आदि से बचने के लिए फ्रायड के मुक्त साहचर्य विधि को अपना कर चलना जरूरी है। जीवन में संवेगात्मक अभिव्यक्ति बहुत जरुरी है। फ्रायड के योगदानों को तीन टीज अर्थात अर्थात थ्योरी (पर्सनेलिटी थ्योरी), थॉट (उनके विचारों को एक स्कूल में रखना) एंड थेरेपी (साइको एनालिसिस) में रखकर समझा जा सकता है।




उन्होंने कहा कि फ्रायड ने सभी व्यवहारों को समझने में सेक्स अर्थात प्लेजर सीकिंग बिहेवियर को महत्वपूर्ण माना। व्यक्ति के एब्नॉर्मलिटी या न्यूरोटिक बिहेवियर का कारण यौन असंतुष्टि का होना कारण बताया तो वहीं मां व नवजात बेटे के संबंध के बीच भी सेक्स संतुष्टि मानते थे। बच्चों में इरोटिक जॉन की बात की है जिसके सहारे बच्चे यौन इच्छा अर्थात लैंगिक आनंद की प्राप्ति करते है। फ्रायड इस बात से सहमत थे व्यक्ति के अंदर यौन ऊर्जा अर्थात लिबिडो होता है जो उसे प्लेजर सीकिंग बिहेवियर के लिए अभिप्रेरित करता है।

उन्होंने कहा कि फ्रायड ने जहां चिन्ता या भय जैसे न्यूरोटिक लक्षणों के पीछे ईड, इगो व सुपर इगो के बीच कॉन्फ्लिक्ट का होना, इगो का कमज़ोर होना या उसके अस्तित्व के लिए खतरा आदि होना बताया, वहीं उनका यह भी मानना था कि कोई भी व्यवहार यूं नही होता है बल्कि उसका इक अर्थ (इकोनॉमी) होता है। ड्रीम को उन्होंने ' रॉयल रोड टू ए नॉलेज ऑफ द अनकॉनसेस ' कहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष सह संकायाध्यक्ष डॉ पी पी सिंह ने कहा कि फ्रायड का मनोविश्लेषणवाद साहित्य समीक्षा में ज़रूरी होता है। फ्रायड के मन के क्रियाओं के द्वारा व्यक्तित्व को समझने का प्रयास किया जाता है। साथ ही जीवन संघर्षों को समझने में स्वप्न की महत्ता को भी आवश्यक बतलाया। कार्यक्रम को रिसर्च स्कॉलर नवीन कुमार ने भी संबोधित किया और कहा कि फ्रायड का जीवन संघर्षपूर्ण रहा।

कार्यक्रम में विद्यार्थियो ने सर्वप्रथम फ्रायड के जन्मदिन पर केक काटकर खुशी जाहिर किया और अपने - अपने उद्गार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सेमेस्टर - कव क्ष के विद्यार्थियो सहित रिसर्च स्कॉलर भी कार्यक्रम का हिस्सा बने। कार्यक्रम में मंच संचालन ज्योति कुमारी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन एक्सेलन टुडू ने किया । कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में मांडवी, नंदनी, सरला, सुदीप्ता, मिथलेश, आदि ने सराहनीय भूमिका निभाया।

## मतदान बढ़ाने के लिए युवा जन सेवक पप्पू यदुवंशी ने लोगों से की वोट डालने की अपील

● जितना अधिक मतदान होगा, उतना ही मजबूत हमारा लोकतंत्र होगा

**मोहनपुर।** युवा जन सेवक पप्पू यदुवंशी ने लोगो से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। उन्होंने जागरुक करते हुए कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र की क्या पहचान, शत प्रतिशत हो मतदान, जितना अधिक मतदान होगा उतना ही मजबूत हमारा लोकतंत्र होगा । वोट डालना हर मतदाता का कर्तव्य है । उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए।चुनाव में वैसे जनप्रतिनिधि का चुनाव करें जो रोजगार ,शिक्षा, बिजली, पानी , सड़क,स्वास्थ्य एवं क्षेत्र के मूलभूत सुविधाओं पर काम करें । साथ ही राज्य में हो रहे यहां की मजदूरों की पलायन न हो, इस पर ध्यान दे सके। ऐसे लोकतंत्र का यह महापर्व हमें अवसर देती है। एक बेहतरीन नेता का चुनाव करने का जो हर सुख दुख में साथ हो।



न्यूज़ अपडेट

## बरही में सड़क दुर्घटना में दो बुजुर्ग घायल, एक रेफर



**संवाददाता बरही।** प्रखंड के धनवार निवासी स्व. पीर मोहम्मद के 65 वर्षीय पुत्र मकबूल मियां और अहमद मियां के 58 वर्षीय डीलर मोहम्मद रफीक रविवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। बताया जाता है की उक्त दोनों बाइक से चार माइल से धनवार जा रहे थे, उसी क्रम में अनियंत्रित होकर गिर गए। मौके पर ग्रामीणों के मदद से उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन दोनों बुजुर्गों को प्राथमिक उपचार किया । सूचना पाकर बरही झामुमो पूर्व प्रत्याशी बिनोद विश्वकर्मा बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर उनका हाल जाना। वहीं चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए मकबूल मियां को हजारीबाग रेफर कर दिया। मौके पर झामुमो पूर्व प्रखंड सचिव मो इम्तियाज उर्फ बबलू, गुलाम सरवर, मो दानिश, मो मुन्ना, मो सोहेब, मो तशरीफ़, मो बहाउद्दीन, मो सेराज, मो नसीम समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल के पक्ष में विधायक अकेला ने चलाया जनसम्पर्क अभियान



**चौपारण ।** जैसे जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, वैसे वैसे सभी पार्टियो ने भी अपने प्रत्याशियों के पक्ष में ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल के पक्ष में बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने प्रखंड के विभिन्न गांवो का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उमाशंकर अकेला ने प्रखंड के पंचायत गोविंदपुर के ग्राम लाराही एवं पंचायत डेबो के ग्राम पिपराडीह में आमजनों से मुलाकात कर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया।

## पुलिस ने अलग-अलग मामले में दो लाल वारंटी को भेजा जेल

**बड़कागांव ।** लोकसभा चुनाव को लेकर बड़कागांव पुलिस की ओर से वारंटीओ के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। कई पुराने वारंटी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहे हैं।

सोमवार को दो लोगों को पुलिस ने जेल भेजा है। मामले को लेकर थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि बंगाली भुइया उम्र 60 वर्ष ग्राम अंबाजीत वही दूसरा वारंटी सहदेव मुंडा उम्र 56 वर्ष ग्राम झिकझोर निवासी को 30 साल पुराने मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है ,दोनों लाल वारंटी थे।

## हर्ष अजमेरा समीर उरांव के पक्ष में मांगा वोट



**हजारीबाग।** हजारीबाग के प्रतिष्ठित युवा एवं कर्मठ समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने लोहरदगा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में सिसई विधानसभा के भरनो प्रखंड में डोर टू डोर जाकर लोहरदगा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। हर्ष अजमेर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही झारखंड एवं देश की रक्षा एवं अखंडता का बचा सकती है । इसलिए एक जुझारू एवं कर्मठ उम्मीदवार के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरीय नेताओं ने समीर उरांव को लोहरदगा लोकसभा सीट से टिकट दिया है।जिन्हे यहां की जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। इस चुनाव में समीर उरांव जीतकर लोकसभा में यहां की सभी समस्याओं को बारीकी से रखेंगे ,और समस्याओं का निदान करने का काम करेंगे। मौके पर कृष्ण कुमार भोक्ता मोहन भोक्ता, नवीन कुमार, सहित दर्जनों समाजसेवी शामिल थे ।

# बकसपुरा पंचायत में इंडी गठबंधन प्रत्याशी का ग्रामीण लगातार जाता रहे विरोध

**विष्णुगढ़।**



लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। कहीं पार्टी में अंतर कलह है तो कहीं प्रत्याशी की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में रोष। एक तरफ प्रत्यासी जीत के लिए अपने अपने वादों को जनता के बीच रख रहें हैं तो वहीं प्रखंड अंतर्गत बकसपुरा में इंडी गठबंधन प्रत्याशी के विरुद्ध ग्रामीणों के बीच काफी रोष है। ग्रामीणों का कहना है की इंडी गठबंधन प्रत्याशी मांडू के विधायक होते हुए भी कभी पंचायत की तरफ रुख करते नजर नहीं आए नतीजन आज भी बकसपुरा पंचायत मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यहां की खराब परिस्थितियों को आज तक कभी जानने का प्रयास नहीं किया।

पंचायत के लोग पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, मजदूरों का पलायन, बिजली व्यवस्था जैसे कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। जब जब चुनाव का दौर आता है तब बरसाती मेढ़क की तरह ही बस उसी दौरान चुनाव में ही नजर आते हैं। फिर से पुराने झूठे वादों के साथ जनता के बीच आने लगते हैं। इतनी बड़ी कोरोना लहर आई लोग दाने दाने को तरस रहे थे, प्रवासी मजदूर कई संकटों से गुजर कर घर आ रहे थे कभी मदद तक करने की कोशिश नहीं की। जनता अब जाग गई अपने फायदे के लिए दल बदलने वाले नेता को इस लोकसभा चुनाव में स्पष्ट जवाब देगी। साथ ही इंडी प्रत्याशी के पंचायत में प्रवेश को लेकर सीधे सीधे विरोध जताया गया है। ग्रामीणों में भगीरथ महतो, सुरेश कुमार, विनोद साव, नवरत्न कुमार, जागेश्वर कुमार, बसंत सिंह , मुकेश कुमार, महेश महतो, कमल सिंह, मनोज कुमार, बहादुर महतो, नागेश्वर महतो, अजय कुमार, पिंटू पासवान समेत सैकड़ों मतदाता पूर्ण रूप से प्रत्याशी का बहिष्कार कर रहे हैं।

## मतदाता पहचान पत्र वितरण के लिए रविवार को भी खुला रहा डाकघर

**हजारीबाग**

हजारीबाग डाक प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले हजारीबाग, चतरा व कोडरमा लोकसभा चुनाव 20 मई 2024 को है। इसको लेकर नये मतदाता भी चिह्नित किये गये हैं. साथ ही पुराने वोटर आइडी कार्ड में सुधार भी किया गया है. ऐसे मतदाताओं तक उनका नया वोटर आइडी पहुंचाने की जिम्मेदारी डाक विभाग को सौंपी गयी है. मतदाताओं तक वोटर आइडी पहुंचे, इसके लिए रविवार को भी डाकघर खुले रहे। सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान ने बताया कि डाक



विभाग ने डाककर्मी, डाकिया और जीडीएस कर्मियों की मदद से बचे हुए सभी 3392 वोटर आइडी कार्ड का वितरण शनिवार व रविवार को कर दिया और आने वाले सभी मतदाता पहचान पत्र को समय पर मतदाताओं तक पहुंचने के लिए संकल्पित है। सहायक डाक अधीक्षक ने कहा कि चुनाव महापर्व को सफल बनाने के लिए डाक विभाग अपना योगदान दे रहा है. आनेवाले चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें इसके लिए समय पर मतदाता पहचान पत्र वितरण पूरी तत्परता से किया जा रहा है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए डाक विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

## जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं द्वारा चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**विष्णुगढ़।**

विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सोमवार को एसवीईईपी के तहत लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की जागरूकता एवं नैतिक सहभागिता को विकसित करने के उद्देश्य से प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय से मोटरसाइकिल रैली निकाली गई जिसे अंचलाधिकारी विकास कुमार टुडू के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली रवाना करने के दौरान प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रभारी पियूष



कुमार सिन्हा एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रामचंद्र दांगी भी उपस्थित रहे। रैली का आयोजन प्रखंड मुख्यालय से सात माइल चौक होते हुए बनासो चौक तक किया गया। रैली में प्रखंड के जन वितरण विक्रेता उमेश पांडे, महेंद्र राम, तपेश्वर रजक,भोला प्रसाद, चेतलाल महतो, गोवर्धन प्रसाद, सुरेश रजवार, हीरो राम, हीरालाल महतो, नंदकिशोर प्रसाद, जीवाधन यादव, सुरेंद्र प्रसाद, गोविंद पटेल, मुकेश कुमार केदार मंडल, महावीर महतो, हीरालाल महतो, दुर्गा महिला मंडल, प्रवीण कुमार, प्रदीप पांडेय, नंदकिशोर पांडेय, रवि कुमार पांडेय,,कैलाश महिला मंडल, उमेश सिंह, लालमन महतो, टेकलाल महतो सहित सैकड़ों डीलर शामिल थे।

## गोसाई बलिया में चलाया गया एम सी एल का बायोकोल, बायोगैस और सीएनजी गैस के लिए जागरूकता अभियान

**बड़कागांव।**

गोसाई बलिया शिव मंदिर प्रांगण में नीलकंठ क्लीनफ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड एवं लिंगराजदेव फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के तत्वाधान में बायोकोल, बायोगैस एवं सीएनजी गैस को लेक र लोगों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन मीरा क्लीनफ्यूल्स लिमिटेड ₹बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट₹ (बी. डी.ए एवं ₹एमसीएल प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन₹ (एम.पी.ओ) पंकज कमल के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। पंकज



कमल ने कहा कि बड़कागाँव के कांडतरी पंचायत में बायोकोल बायोगैस सीएनजी गैस का प्लांट लगाया जाएगा । इससे अवगत कराया और इससे 15000 किसान जुड़कर, नेपियर घास की खेती कर, साल में 3 से 4 लख रुपए प्रति एकड़ इनकम कर सकते हैं। एवं प्लांट के लग जाने पर 5000 महिलाओं को और 5000 बेरोजगार युवकों को रोजगार से जोड़ा जाएगा कमल ने कहा की यह कम्पनी देश को प्रदूषण से निजात दिलाने, देश के किसानों कि अर्थव्यवस्था को दुरुस्त करने, किसानों कि आय में वृद्धि लाने, एंव ज़्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार से जोडने के उद्देश्य से काम कर रही है मौके पर मुख्य रूप से रिंकी कुमारी (एम भी पी - चोपदार बलिया नापोखुर्द) , नागपुरी सुपरस्टार पवन कुमार दास (एम भी पी - मोहगाईकला पंचायत) , डोली कुमारी, बबिता कुमारी, संगीता कुमारी, संजू देवी, आरती देवी, कांति देवी, कौशल्या देवी, किरण देवी, कलावती देवी एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## महिला मतदाता ही होते हैं चुनाव का भाग्य विधाता

- **पिछले चुनाव में 66.23 प्रतिशत महिलाओं ने डाला था वोट,जबकि 48.17 प्रतिशत पुरुषों ने दिया था वोट**

**टाटीझरिया(हजारीबाग)।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के चुनाव में हमेशा महिला मतदाता निर्णायक भूमिका में रही है।जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या अधिक है। साफ है कि जिधर महिलाओं का काफिला जाएगा,वह ही विजेता होगा।

टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में दो लोक सभा और दो विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यदि हजारीबाग लोक सभा के पांच पंचायतों की बात की जाए तो यहां 22858 मतदाताओं में से 11966 पुरुष और 10892 महिला मतदाता हैं। जिनमें पिछले विधानसभा चुनाव में 56.78 प्रतिशत मतदान हुए । मतदान में कुल 66.23 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जबकि 48.17 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने वोट डाला। स्थिति स्पष्ट है कि महिलाओं के ही वोट निर्णायक साबित हुए। इस बार के लोक सभा चुनाव में भी यही कुछ होना है। पुरुष अपने रोजी -रोजगार की वजह से दूसरे प्रदेशों में बसेरा लिए हुए हैं और महिलाएं घर पर विधि -व्यवस्था बनाने में जुटी रहती है। पिछले कुछ वर्षों से महिलाओं में जागृति आई है,वे आजीविका से भी जुड़े हैं,कई प्रकार की बैठकों का आयोजन वे करती हैं ।यही वजह है कि उनमें समझदारी बढ़ी है और वे अपने मताधिकार के प्रति सजग भी हैं। पिछले चुनाव में यहां 12978 मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया था,जिसमें 7214 महिला और 5764 पुरुष मतदाता शामिल थे। इस प्रकार महिलाओं का दिल जिसने जीता वही सिकंदर होगा।

## लगातार बन्द रहे निजी स्कूल तो शिक्षकों का मानदेय मिलना भी होगा मुश्किल : संघ

**चौपारण।**

अत्यधिक गर्मी व लू को देखते हुए सरकार ने गर्मी छुट्टी के पहले ही सरकारी स्कूल के साथ निजी स्कूलों को भी वर्ग अष्टम तक बन्द करने का निर्देश जारी की है। जिसके बाद प्राइवेट स्कूल संघ चौपारण ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। प्राइवेट स्कूल संघ ,चौपारण के अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि राज्य सरकार को गर्मी के साथ बच्चों और शिक्षकों के भविष्य को भी देखने की आवश्यकता





है। वर्तमान में सुबह साढ़े छह से साढ़े नौ बजे या नौ बजे तक क्लास चलाया जा सकता था। जिससे बच्चे पढ़ाई में भी नियमित बने रहते और अत्यधिक धूप के पहले बच्चे घर भी पहुंच जाते। वहीं वर्ग नवम के ऊपर के बच्चे को साढ़े इग्यारह बजे छुट्टी होना और कड़े धूप में घर जाने के सरकार के इस आदेश पर भी चिंता जाहिर की। वहीं प्रखण्ड उपाध्यक्ष नन्दकिशोर प्रजापति ने कहा कि सरकारी स्कूल जितना दिन बन्द रहेगा उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, वहां के शिक्षकों को तो समय पर वेतन मिलता ही रहेगा। पर निजी स्कूल जितना दिन बन्द रहेगा हमारे शिक्षकों को अल्प मानदेय पाने के लिए भी जूझना पड़ेगा। इसलिए गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय को कम करते हुए सरकार विद्यालय संचालन के लिए अतिशीघ्र अनुमति प्रदान करें। ताकि निजी स्कूलों के शिक्षकों का भी घर परिवार चल सके।

## भाजपा प्रत्याशी ने किया दारू प्रखंड का दौरा

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने दारू प्रखंड के जिनगा, रामदेव खरिका, झुमरा, कवालू हरली ,पेटो ,दारू,दारूडीह पिपचो में सघन दौरा किया। अपने पक्ष में भारतीय जनता पार्टी एवं मोदी जी की उपलब्धियां को गिनाते हुए विकास के नाम पर वोट मांगा। मनीष जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम लोगों के साथ गुमराह करती है । वह नकारात्मक सोच रखकर के चुनाव मैदान में लोगों को ठगने का काम करती है। वही भारतीय जनता पार्टी विकास के मुद्दा पर वोट मांग कर विकास कर रही है। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने से देश की अर्थव्यवस्था एवं अखंडता में मजबूती आई है। इसी का परिणाम स्वरूप इस बार 2024 का लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में पूरे देश की जनता का अपार समर्थन मिल रहा है, और 400 से पार मोदी जी की इस बार नारा सफल होकर भारतीय जनता पार्टी केंद्र में मजबूत सरकार बनाकर देश में बेहतरीन विकास करने का काम करेगी। प्रत्याशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का पूरे हजारीबाग संसदीय लोकसभा क्षेत्र में आपार समर्थन मिल रहा है, और अधिक से अधिक मत अपने पक्ष में देने की अपील किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण, संजय कुमार, भीम कुमार, अशोक कुमार कुशवाहा,रामजी कुमार सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

# कांडतरी वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति का मासिक बैठक संपन्न

**बड़कागांव ।**

बड़कागांव बुढ़वा महादेव परिसर के पनसलवा में कुलेश्वर कुमार के अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के अतिथि के रूप बड़कागांव उप प्रमुख बच्चन देव कुमार , वसुधा कल्याण, हजारीबाग संस्थापक अंजलि नीरज, उप-संस्थापक रुचि नीरज नीरज, सलगा वन समिति के अध्यक्ष रूपलाल साव, मीडिया प्रभारी सह शिक्षिक चंचला देवी दौलत साव उपस्थित हुए ।

कुलेश्वर कुमार ने कहा बैठक का उद्देश्य है अगल-बगल के वन वन समितियों को सक्रिय करना है ।क्योंकि हम लोग अपने जंगल को कटने और आग लगने से बचाने के लिए का कोशिश करते तो है ,लेकिन अगल- बगल की



समितियां निष्क्रिय होने के कारण हम लोग सफल नहीं हो पा रहे हैं। उप-प्रमुख बच्चन देव के समक्ष कुछ महिलाओं ने दोना -पत्तल बनाने वाली स्वचालित मशीन के बारे में बताई की लगभग एक वर्ष होने को है लेकिन आश्वासन मिलता है लेकिन हकीकत में मिलता नहीं है। इस पर उप प्रमुख ने कहा इस संबंध में पश्चिम प्रमंडल के डी एफ ओ से बात करूंगा और वहां से बात नहीं बनेगा तो आगे तक जाऊंगा। लेकिन हर संभव आपलोग को मदद करूंगा। वसुधा कल्याण हजारीबाग के संस्थापक अंजलि नीरज से कुलेश्वर कुमार ने निवेदन किया कि अपने आस-पास के वन समितियों को सक्रिय करने में आपका सहयोग चाहिए, तो इस पर अंजलि नीरज ने आश्वासन देते हुए कहा कि मुझे पर्यावरण के प्रति काफी लगाव है यदि छुट्टी (रविवार) के दिन आप लोग बैठक रखते हैं,तो मैं बैठक में शामिल होकर समिति के सदस्यों को सक्रिय करने का कोशिश करूंगी। साथ ही साथ इन्होंने जंगलों में पेड़ -पौधा लगाने का अच्छा उपाय बताया। गोबर और मिट्टी से बना गोलाकार लड्डू के माध्यम से। जो सबको पसंद आया। चंचला देवी ने कहा मैं अपने आस-पास के वन समितियां को बैठक के माध्यम से सक्रिय करने का कोशिश कर रही हूं। तुलेश्वर महतो ने कहा,जंगल में अनेक प्रकार के पेड़ पौधे है लेकिन सब पेड़ पौधा का दुश्मन महुआ का पेड़ है,महुआ के पेड़ के कारण लोग पूरा जंगल को जला देते हैं जिससे जंगल और जंगली जीवों को काफी क्षति होता है। और महुआ से बना दारू के कारण लोगों का नुकसान होता है जिसके कारण दुर्घटना भी घटना है। बैठक के अंत में पल्स 24 के पत्रकार राजकिशोर सोनी और तुलेश्वर महतो को सम्मानित किया गया। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य गण उपस्थित हुए - पंडरिया वन समिति से पुनम देवी, सीता देवी बसंती देवी,फूदो देवी।काण्डतरी वन समिति से कुलेश्वर कुमार, तुलेश्वर महतो, मनोज ठाकुर, हरिनंदन कुमार, मनोहर सिन्हा ,श्रवन कुमार, धनपति महतो, अमित कुमार, रीता देवी, गीता देवी, संगीता देवी, सविता देवी, मानको देवी, अनीता देवी, पुनिया देवी, सरिता देवी, बेलमती देवी, ननकी देवी, केशमी देवी, दासो देवी, लीला देवी, पुसनी देवी, संतोष कुमार। सलगा वन समिति से दौलत साव, चंचला देवी, रूपलाल साव व अन्य उपस्थित थे।

## चाची भतीजे की रिश्ते को कलंकित कर प्रेमी युगल ने रचाई प्रेम विवाह

**बरकट्ठा।** थाना अंतर्गत मासीपीढ़ी गांव से 15 दिन पूर्व से फरार प्रेमी जोड़ी ने सोमवार को सूर्यकुण्ड धाम में हिंन्दु रीति रिवाज के साथ प्रेम विवाह रचा लिया। लोगों के मुताबिक दोनों प्रेमी युगल के बीच चाची और भतीजे का रिश्ता है। जिसे दोनों ने इस रिश्ते को तार तार कर प्रेम विवाह के बंधन में बंध गए और सात जन्मों तक साथ मर मिटने का वचन लेकर प्रेम के बंधन में बंध गए। विदित हो कि 15 दिन पूर्व विवाहिता के पति मुकेश कुमार मंडल पिता गेंदो महतो ने अपने पत्नी व बच्चे की गुमसुदगी का मामला बरकट्ठा थाना में दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी व बच्चे समेत जेवरात व नकदी लेकर गांव के ही युवक कुश कुमार पिता बीरबल महतो द्वारा भगाने का आरोप लगाया था। जिसके 15 दिन बाद शुक्रवार शाम को दोनों गांव पहुंचे इसके बाद चाची भतीजे दोनों थाना पहुंच गए । इसके बाद दोनों साथ रहने की बात कही । दोनों के परिजन भी थाना पहुंचे जहां रिश्ते को देखते हुए समझौते को लेकर पंचायत हुई पंचायत में दोनों साथ रहने की बात कहने पर समझौता नहीं हो पाया महिला का एक बच्चा भी है बच्चे को उसके पति ने अपने साथ रख लिया है । जिसके पश्चात सोमवार को दोनों सूरजकुंड स्थित सूरजकुंड धाम में प्रेम विवाह रचा लिए। चाची भतीजे की इस प्रेम विवाह को लेकर गांव समाज में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## न्यूज़ अपडेट

एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी ने किया नामांकन पर्चा दाखिल किया।

निर्मल महाराज

बोक-ारो। निर्वाची



पदाधिकारी 6 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र से बोकारो निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के समक्ष एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी चार सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया।इसके उपरांत जैनामोड में एक विशाल जन सभा का आयोजन किया गया ,जिसमे झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ,आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो , गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो सहित कई विधायक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया की इंडिया गठबंधन से जनता का कोई भलाई नही हो सकता है ,ये केवल जुमले बाजी ही करते है ,गिरिडीह से चंद्र प्रकाश चौधरी का जीत सुनिश्चित है मोदी सरकार की जीत का परचम लहरा रहा है फिर से देश में मोदी सरकार बनाने की जनता ठान लिया है ,

### चतरा सीट पर लड़ाई त्रिकोणीय।

## पूर्व विधायक जयप्रकाश ने लिया नाम वापस

**चतरा।** लोक सभा चुनाव के पांचवे चरण के लिए नाम वापसी की आज अंतिम तिथि थी। चतरा लोक सभा सीट पर नाम वापसी के अंतिम दिन आज एक प्रत्याशी ने अपना नाम वापस लेने का एलान किया। नामांकन वापस लेने वाले उम्मीदवार रहे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य और पूर्व विधायक जय प्रकाश सिंह भोगता।

जय प्रकाश भोगता के नाम वापस लेने के बाद अब चतरा सीट पर अब 22 उम्मीदवार मैदान में रह गए है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप ने आज नाम वापसी का तय समय समाप्त होने के बाद प्रेस वार्ता के जरिए जानकारी देते हुए बताया कि चतरा सीट पर तीन राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे है। भाजपा से काली चरण सिंह, कांग्रेस पार्टी से के एन त्रिपाठी और बसपा के चुनाव चिन्ह पर पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि चुनाव लड़ रहे हैं।

चतरा लोक सभा सीट पर क्षेत्रीय दलों के प्रत्याशी के अलावा 9 निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे है।

## विशेष लोक अदालत,मोटर एक्सिडेंटल क्लेम केश संबंधित बैठक की गई




**रामगढ़।** झालसा रांची के तत्वाधान में, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा),रामगढ़ में विशेष लोक अदालत (मोटर एक्सीडेंटल क्लेम केस) के संबंधित एक बैठक की गई। इस बैठक का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा आलोक कुमार दुबे ने की। इस बैठक में मौजूद जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम श्री संजय प्रताप,जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय श्रीमती कुसुम कुमारी,डालसा सचिव अनिल कुमार, परिवादी की ओर से अधिवक्ता तथा इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ता शामिल थे। डालसा के अध्यक्ष ने बताया की विशेष लोक अदालत का आयोजन दिनांक 8 जून 2024 को की जा रही है। इस विशेष लोक अदालत में मोटर एक्सीडेंटल क्लेम केस के संबंध जो भी मामले न्यायालय में लंबित है इसका निपटारा इस विशेष लोक अदालत में सुलहनीय तरीके से किया जाएगा। इन्होंने बताया कि लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां दोनों पक्ष की जीत होती है। साथ ही साथ उन्होंने बताया की मोटर एक्सीडेंटल क्लेम केस वैसे मामले हैं जिसमें की किसी की मौत हो जाए या गंभीर चोट आये उसके क्लेम के लिए केस किया जाता है। इस बैठक में मोटर एक्सीडेंटल क्लेम केस की सूची तैयार की गई साथ ही अधिवक्ताओं को अपने लंबित मामले के निष्पादन के लिए अग्रिम कार्रवाई के लिए निर्देश दिया गया ताकि इस विशेष लोक अदालत का लाभ अधिक से अधिक लेते हुए लंबित मोटर एक्सीडेंटल क्लेम केस का निष्पादन हो सके।

## माले नेता ने कोडरमा व गांडेय के लिए चलाया जन संपर्क अभियान



**संवाददाता।**

**गिरिडीह।** भाकपा माले नेता राजेश यादव के नेतृत्व में गांडेय प्रखंड के बरमसिया पंचायत के कई गांवों का दौरा कर जन संपर्क अभियान चलाया गया। कोडरमा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र और गांडेय विधान सभा उप चुनाव में इंडिया प्रत्याशियों क्रमशः विनोद सिंह और कल्पना सोरेन को जिताने की अपील की गई।

इस दौरान माले नेता ने कहा कि, भाजपा ने देश की जनता को तबाही के दलदल में धकेला है। युवाओं को रोजगार और किसानों को उपज के बेहतर दाम के नाम पर ठगा है, मजदूरों से उनके श्रम कानूनों को छीनकर उन्हें तबाह किया। जनता के अच्छे के बजाय एक बुरे दिन ला दिए गए।

श्री यादव ने कहा कि, कोडरमा लोकसभा और गांडेय विधानसभा दोनों ही सीट इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जीतेंगे। इसके लिए झामुमो, भाकपा माले सहित इंडिया के सहयोगी सभी दलों के नेता/कार्यकर्ता रात-दिन एक करके लगे हुए हैं।

मौके पर मुख्य रूप से मेहताब अली मिर्जा, रामजीत मुर्मू, श्याम किशोर हांसदा, विनय टुडू, राजू पासवान, मुन्ना मरांडी, बाबूराम मुर्मू, चरण मुर्मू, संतोष बेसरा, आनंद कु हांसदा, बबलू मरांडी, सुशील मुर्मू, बसंत देव हांसदा, कोरेसी हांसदा, कौलेश्वर हांसदा, अरविंद हांसदा, मोसो बेसरा, बालेश्वर हांसदा, महेंद्र टुडू, सोहन लाल मुर्मू, राजेंद्र टुडू, बुधन टुडू, गणेश मुर्मू, वकील हेंब्रम, राजवीर टुडू, हरिलाल मरांडी, रामकृपाल टुडू, मोहन लाल मुर्मू सहित अन्य महिला-पुरुष मौजूद थे।

# इंडिया गठबंधन के गिरिडीह लोकसभा के प्रत्याशी मथुरा महतो के नामांकन के बाद विपक्ष पार्टी में गरजे मुख्यमंत्री

**भारतीय जनता पार्टी झूठ की राजनीति करती है - चंपई सोरेन**

**डबल इंजन की सरकार ने गरीबो के 12 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिया-मुख्यमंत्री**







**निर्मल महाराज/ बोकारो ।**

भाजपा हमेशा झूठ की राजनीति करती आ रही है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। भाजपा सरकार आदिवासी, दलित, किसान, गरीब व आरक्षण विरोधी है। उक्त बातें मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने गिरीडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा महतो के नामांकन के बाद सेक्टर पांच स्थित पुस्तकालय मैदान में आयोजित जन आमसभा को संबोधित करते हुए कहा । सोमवार को इंडिया गठबंधन के गिरीडीह लोकसभा प्रत्याशी, जेएमएम के मथुरा महतो ने अपना नामांकन पर्चा बोकारो निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के समक्ष दाखिल किया । इस अवसर सेक्टर पांच मैदान में आयोजित जनआम सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में गैस की कीमत चार सौ रुपये से ग्यारह सौ हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि काला धन देश में वापस लाया जाएगा और सभी के खाते में 15 लाख रूपया आएगा। लेकिन आज तक आपके खाता में 15 भी पैसा नहीं आया। प्रधानमंत्री जोरजोर से कहते थे कि हम अच्छे दिन लाएंगे। पिछले दस सालों में बेरोजगारी बढी है। मोदी सरकार पिछले दस साल से झूठ बोलकर देश की जनता को ठगने का काम किया। वहीँ झारखण्ड में डबल इंजन की सरकार ने यहां के गरीबो का 12 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिया। इंडिया गठबंधन की सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी तो हेमंत सरकार ने 20 लाख राशन कार्ड बनाने का काम किया। रघुवर सरकार ने प्राईमरी स्कूलों को बंद करने का काम किया, ताकि गरीब, आदिवासी और दलित का बेटा पढ़ाई न कर सके। लेकिन हेमंत सरकार ने सभी प्रखंड में प्राईमरी स्कूलों की परिचालन आरंभ किया। भाजपा सरकार आदिवासी विरोधी है, आरक्षण विरोधी है। दलित, किसान और गरीब विरोधी सरकार है। भाजपा सरकार संविधान को बचाना नहीं चाहती है। यह संविधान विरोधी है। भाजपा लोकतंत्र विरोधी है और देश में तानशाही लाना चाहती है। मुख्यमंत्री 1932 खतियान की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार ने 1932 विधेयक पास कर गवर्नर को भेज दिया है। लेकिन इस बिल को लटकाया जा रहा है। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने आम जनता से आग्रह किया कि वो इस बार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से जीता कर दिल्ली भेजने का काम करें, ताकि देश की संविधान की रक्षा हो सके। इस अवसर पर जेएमएम, कांग्रेस, आप पार्टी सहित अन्य इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के वरीय नेता इंडिया गठबंधन के कई मंत्री कार्यकर्ता ,उपस्थित थे ।

## संत ज़ेवियर्स के विद्यार्थियों ने दसवीं और बाहरवीं में लहराया परचम

**बोकारो ।**

बोकारो इस्पात नगर , जनवृत १/स स्थित संत जेवियर्स विद्यालय के छात्रों ने दसवीं (क्ळरए) एवं बारहवीं (क्रउ) सत्र 2023-2024 के परीक्षा में रिकॉर्ड तोड़ सफलता हासिल की है। यह परिणाम गुणात्मक एवं मात्रात्मक दोनों स्तर में उच्चतम है। संत जेवियर विद्यालय के विद्यार्थियों के अपने कठिन तपस्या से प्राप्त यह अतिउत्तम परिणाम से विद्यालय का नाम पूरे जिला में रोशन हुआ है।

कक्षा दसवीं के परिणाम के आधार पर आयुष सुमन 98 प्रतिशत के साथ विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर रहे , वहीं सक्षम अग्रवाल 97.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं श्रीश संदीप कुरादकर 97 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

वहीं बारहवीं में विज्ञान संकाय में अद्वितीय अपूर्व ने 97.5 प्रतिशत के साथ संस्थान में अव्वल स्थान प्राप्त किया, साथ ही ईशान गुप्ता 93.75 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं आयुष कुमार झा 93.25 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया।

वाणिज्य संकाय में विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर अनुष्का कौर पोपली 94.75 एवं यश कंडुलना 94.75 प्रतिशत प्राप्त किये , द्वितीय श्रुति नायक 92.5 प्रतिशत एवं यशसूवी सिंह 92.25 प्रतिशत के लाकर तृतीय स्थान पर रहे। कला संकाय में वेदांत प्रियदर्शी 90 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया , वहीं दूसरे स्थान पर अरुंधति चंदा 88.25 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

विद्यालय का प्रत्येक बच्चे को सर्वांगीण विकास की दिशा में अग्रसर करने की कार्यशैली का पुरजोर समर्थन करने वाले हमारे विद्यालय के प्राचार्य महोदय फादर अरुण मिंज, एस.जे. ने विद्यार्थियों को उनके महान् उपलब्धि के लिए, साथ-ही उज्वल भविष्य के लिए शुभकामना दिया। साथ-ही उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम , एकाग्रता , आत्मविश्वास , निरंतरता , सकारात्मकता , समयबद्धता , निरंतर ज्ञानार्जन व समुचित कार्यशैली का परिणाम है।

विद्यालय के विद्यार्थी अपने परिणाम में प्राप्त सफलता के लिए इसका पूरा श्रेय विद्यालय के प्राचार्य महोदय , समस्त शिक्षकवृन्द , माता-पिता एवं अपने कठिन परिश्रम मेहनत को देते हैं। दरअसल शिक्षा अपने अज्ञान की एक प्रगतिशील खोज ही है। ज्यों-ज्यों हम ज्ञान के अथाह सागर में डुबकी लगाते हैं, इससे निकले अनुभव के मोती हमें इस बात का एहसास कराते हैं कि अभी हमने बहुत कम जाना है और अभी बहुत कुछ जानना बाकी है। जीवन के हर क्षेत्र में हम रोज़ इसी तथ्य से दो-चार होते हैं।

निष्कर्ष स्वरूप यह कहा जा सकता है कि विद्यालय की सर्वोत्तम कार्यप्रणाली के लिए जिन सर्वोत्तम मानकों की आवश्यकता होती है वह सभी यहाँ उपलब्ध हैं । हमारे विद्यालय बीके के सर्वोत्तम कार्य प्रणाली को एक आदर्श कार्यप्रणाली की संज्ञा दी जा सकती है। विद्यालय परिवार सफल हुए समस्त विद्यार्थियों को शुभकामनां प्रेषित करता है।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की हुई मौत

**गिरिडीह।** जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के अटका में सोमवार को हुए सड़क हादसे में 55 वर्षीय बाइक सवार रामेश्वर मांझी की मौत हो गई। एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार रामेश्वर को अपने चपेट में ले लिया।



जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद काफी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी और ट्रक को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन ट्रक चालक तेजी से बरही चौपारण की ओर फरार होने में सफल रहा।मृतक हजारीबाग के बरकट्ठा का रहने वाला था और बाइक से बगोदर आ रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने रामेश्वर मांझी के बाइक को टक्कर मार दिया।जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद बगोदर थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच कर मृतक के परिजनों को किसी तरह सूचना भेजवाया। परिजनों के आने के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम में लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

## 5वें चरण के चुनाव हेतु 11 प्रत्याशियों के नामांकन रद्द

**गिरिडीह।** झारखंड में लोकसभा चुनाव 2024 के तहत देश भर में हो रहे दूसरे चरण की तीन सीटों पर दाखिल नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी हुई। इसमें झारखंड की तीन संसदीय सीटों के लिए दाखिल 68 नामांकन पत्रों में से 11 नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए। चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, चतरा में सबसे अधिक 8 नामांकन पत्र खारिज किए गए। जबकि कोडरमा में एक और हजारीबाग में दो नामांकन पत्र जांच के दौरान खारिज किए गए। नामांकन रद्द होने के बाद चतरा में कुल 23 तथा हजारीबाग तथा कोडरमा में 17-17 उम्मीदवार बचे हैं। इन सीटों के लिए नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 6 मई है।नामांकन वापसी के बाद यह पूरी तरह से सपष्ट हो जाएगा कि कितने उम्मीदवार मैदान में हैं। गौरतलब है कि इन सीटों पर 20 मई को मतदान होगा।

## गोमिया में 'मैं भी इलेक्शन एंबेसडर सोशल मीडिया कैंपेन' को लेकर बैठक का आयोजन

**गोमिया।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर सोमवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पंचायत प्रतिनिधि, बीएलओ सहित प्रखंड के कई विभागों के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ महादेव कुमार महतो एवं सीओ प्रदीप कुमार महतो ने बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग/मंत्रिमंडल निर्वाचन झारखंड के निर्देशानुसार आगामी 07 मई को शाम 06 बजे से रात्रि 08 बजे के बीच सभी सोशल मीडिया हैंडल पर मैं भी इलेक्शन एंबेसडर सोशल मीडिया कैंपेन संचालित किया जाना है। इस अभियान को सफल बनाने को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाना है। जिसके तहत प्रखंड के सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता, पेंटिग प्रतियोगिता, स्थानीय और रीजनल भाषा में गाना तैयार करना, मतदाता प्रतिज्ञा शपथ आदि कार्यक्रमों को आयोजित किया जाना है और इस अभियान को सफल बनाने में पंचायत प्रतिनिधियों,सभी विभाग के कर्मचारियों सहित अन्य लोगों की भूमिका अहम है। उन्होंने अभियान के संबंध में ज्यादा से ज्यादा प्रचार- प्रसार करने की बात कहीं। मौके पर कई पंचायत के मुखिया,कई विभाग के पदाधिकारी व कर्मचारी, बीएलओ एवं अन्य शामिल थे।

## मोदी सरकार की तानाशाही रवैया ,गलत नीतियों से पूरे देश में अराजकता का माहौल है: योगेंद्र प्रसाद महतो

**चंद्र प्रकाश चौधरी को जनता रामगढ़ भेजने का मन बना लिया है: योगेंद्र प्रसाद महतो**

**निर्मल महाराज /बोकारो ।**






झामुमो के स्टार प्रचारक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह गोमिया विधानसभा के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो एवं उनकी पत्नी पूर्व विधायक बबीता देवी बोकारो पहुंचीं, गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के नामांकन में शामिल होने उपरांत सेक्टर पांच पुस्तकालय मैदान में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, बेबी देवी, सत्यानंद भोक्ता एवं पार्टी के उपस्थित विधायकों के साथ मंच साझा किया। ओबीसी आयोग के अध्यक्ष श्री महतो ने कहा कि गिरिडीह की जनता को जिस तरह से पिछले पांच साल में यहां के सांसद सीपी चौधरी की बेरुखी और निष्क्रिय कार्यकाल से दो चार होना पड़ा है, उससे जनता ने उन्हें रामगढ़ भेजने का मन बना लिया है और मथुरा महतो की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित है। ऐसे भी सांसद सीपी चौधरी कहते रहे हैं कि वे गिरिडीह छोड़ सकते हैं लेकिन रामगढ़ नहीं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से केंद्र के इशारे पर हेमंत सोरेन को एन केन प्रकारेन फंसाकर जेल भेजा गया है, वह झारखंड और गिरिडीह की जनता समझती है और इसका बखूबी जवाब यहां की जनता इस चुनाव में भाजपा आजसू को वोट के चोट के रूप में देगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की तानाशाही रवैए, गलत नीतियों से पूरे देश में अराजकता का माहौल है। लोकतंत्र, संविधान और संघीय ढांचे पर प्रहार किया जा रहा है। इस बार पूरे देश से भाजपा का सफाया होगा और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, जिसमें गिरिडीह से भी मथुरा महतो के रूप में भागीदारी होगी। पूर्व विधायक बबीता देवी ने कहा कि इस जनसभा में हजारों हजार की संख्या में आई भीड़ से साफ है कि इस बार गिरिडीह से आजसू और एनडीए का सफाया तय है और मथुरा महतो की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के क्रियाकलापों से आम लोग, किसान, मजदूर, आदिवासी, दलित सहित सभी परेशान हैं।

# घाटशिला महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

**जीवन में सफलता के लिए पहले अपना लक्ष्य करें निर्धारित: बीडीओ**

**घाटशिला।**

घाटशिला महाविद्यालय में इंटरमीडिएट कला, वाणिज्य एवं विज्ञान में टॉप थ्री टॉपर हुए विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने हेतु प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में घाटशिला की बीडीओ युनिका शर्मा उपस्थित थीं। प्रतिभा सम्मान समारोह में कला में टॉप थ्री स्थान पाने वाले विद्यार्थियों में अनीता मुंडा प्रथम, मुजब्बीर रहमान द्वितीय एवं सभापति हेम्ब्रम तृतीय, वाणिज्य में प्रतिमा शाव प्रथम, मोहम्मद फैयाज द्वितीय एवं खुशी गुप्ता तृतीय तथा विज्ञान में हेमंत कस्तूरी सोरेन प्रथम, गरबा कर्मकार व सानिया गोराइ द्वितीय एवं कृष्णा हांसदा व सरवन गिरी तृतीय स्थान पाने पर इन्हें प्रतिभा सम्मान 2024 का मेडल एवं स्वामी विवेकानंद की पुस्तक देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर इन विद्यार्थियों के माता-पिता भी साथ में उपस्थित थे।

इस वर्ष घाटशिला महाविद्यालय से 629 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से उत्पन्न हुए हैं। इसके लिए प्राचार्य की ओर से इंटरमीडिएट के सभी




शिक्षकों को भी पुरस्कृत किया गया। इनमें शैकत डे, सोनल पटनायक, तरन्नुम परवीन, प्रतिभा कुमारी, बसंती मार्डी, परवल मंजरी पात्र, अनीता सिंह, डा कंचन सिंहा, जोधा मुर्मू, सपना आश, प्रतीक्षा मंजरी पात्र, खुदीराम हांसदा, अशोक कुमार दत्ता, विकास चंद्र महतो, देवाशीष मन्ना, डेजी सेवा, मल्लिका शर्मा, शयामल कुमार महतो, समीर कुमार राय, मोहम्मद शाहिद इकबाल को सम्मानित किया गया। इनके साथ सभी इंटरमीडिएट कर्मचारियों को भी प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में अपने संबोधन में प्राचार्य डॉक्टर आरके चौधरी ने टॉपर हुए विद्यार्थियों का परिचय करवाते हुए कहा कि 12वीं कक्षा के विद्यार्थी अभी से यह संकल्प लें कि वे भी अगले वर्ष बेहतर रिजल्ट लाकर अपने परिवार एवं महाविद्यालय को गौरवान्वित करेंगे। अपने संबोधन में घाटशिला की बीडीओ युनिका शर्मा ने अपनी सफलता का अनुभव साझा करते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में सफलता पाने के लिए पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करें, फिर उस लक्ष्य को अपने को पाने का प्रयत्न करें। कार्यक्रम का संचालन सपना आश ने किया। धन्यवाद ज्ञापन इंटरमीडिएट इंचार्ज डॉक्टर एस के सिंह ने किया। कार्यक्रम के समाप्ति पर सबों को मतदाता प्रतिज्ञा शपथ दिलाई गई। सभी ने शपथ लिया कि वे निडर होकर बगैर किसी पक्षपात के 25 मई को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में मतदान करेंगे। इस मौके पर काफी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## न्यूज़ अपडेट

### लोक सभा चुनाव से संबंधित विचार विमर्श

- **आशंका है कि कहीं इभीएम में छेड़खानी की गई तो बीजेपी के द्वारा 400पार का क्या अर्थ है?**



**किशनगंज।** किशनगंज के सांसद डॉ मोहम्मद जावेद आज़ाद किशनगंज के पूर्व विधायक सह राजद के जिला अध्यक्ष कमरुल हूदा से मिलकर हालचाल जाना और लोकसभा चुनाव के लिए हुए वोटिंग पर विचार विमर्श किये।जिस में उल्लेख किया गया है कि कांग्रेस को ना केवल किशनगंज बल्कि पूरे देश में प्रचंड बहुमत होने की पूरी संभावना है और यह भी आशा की जाती है राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री हो सकते हैं। देश की सुरत शक्ल में तब्दीली आने पूरी उम्मीद है। मगर एक आशंका है कि कहीं इभीएम में छेड़खानी की गई तो भाजपा के द्वारा कहा जाता है कि*400 पार* का क्या अर्थ है? यही एक आशंका लोगों को परेशान कर दिया है।

### देश के युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा राहुल गांधी:- कांग्रेस आपको 5 ऐतिहासिक गारंटियां दे रही है जो आपकी तकदीर बदल देगी




**किशनगंज ।** राहुल गांधी ने देश के युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 1. भर्ती भरोसा : 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति की गारंटी। 2. पहली नौकरी पक्की : हर ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक लाख रू प्रतिवर्ष स्टाइपेंड के अप्रेंटिसशिप की गारंटी। 3. पेपर लीक से मुक्ति : पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून बना कर विश्वसनीय ढंग से परीक्षा के आयोजन की गारंटी। 4. GIG इकॉनोमी में सामाजिक सुरक्षा : GIG इकॉनोमी की वर्क फोर्स के लिए काम की बेहतर परिस्थितियों, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी। 5. युवा रोशनी : रू 5000 करोड़ के राष्ट्रीय कोष से ज़िला स्तर पर युवाओं को स्टार्ट-अप फंड देकर उन्हें उद्यमी बनाने की गारंटी।

रेवन्ना ने किया वो सेक्स स्कैंडल नहीं 'मास रेप' है! राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में स्टेज से प्रधानमंत्री उस मास रेपिस्ट का समर्थन कर रहे थे, उसके लिए वोट मांग रहे थे। नरेंद्र मोदी, अमित शाह और इखढ के हर नेता को इस पाप के लिए देश की हर महिला से हाथ जोड़ कर, सिर झुका कर माफी मांगनी चाहिए।

मास रेपिस्ट को हिंदुस्तान से भागने देंगे - ये है मोदी की गारंटी!

### रहमत अली जिला अध्यक्ष एएमआईएम अररिया को पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से हटाया गया है

- **अररिया जिला एएमआईएम कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त**




**किशनगंज।** किशनगंज जिला मुख्यालय से महज 60 किलो मीटर की दूरी पर अवस्थित अररिया जिला की समाचार आदान प्रदान का सिलसिला काफ़ी जमाने से जारी है। एक समय था जब अररिया, किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया मिला कर एक जिला मुख्यालय पूर्णिया था। किशनगंज लोक सभा क्षेत्र में अंग्रेजी दैनिक टेलिग्राफ के सम्पादक एम जे अकबर सांसद के दौर मैं 1990 में ऐतिहासिक मैदान रुईधासा में एक महती जनसभा में घोषणा किया गया था किशनगंज, कटिहार, अररिया और पूर्णिया को स्वतंत्र जिला का दर्जा दिया गया था। उसी समय पूर्णिया को प्रमंडल का दर्जा दिया गया था। बहरेहाल रहमत अली को एएमआईएम जिला अध्यक्ष अररिया को पार्टी ने क्यों और किस आधार पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से हटाया? अररिया के लोगों ने जवाब तलब किया है। अररिया जिला के एएमआईएम कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी बताया गया है। अगर कार्यकर्ताओं को उत्तर नहीं दिया गया तो संभावना है कि एएमआईएम के कार्यकर्ताओं की सामुहिक रुप से इस्तिफा देदें जो एएमआईएम के ऐतिहासिक नुकसान होसकता है।

# जीत का दावा कर पप्पू यादव ने कहा- पूर्णिया लोकसभा सीट लिखेगा इतिहास

**धनबाद ।**



बिहार राज्य के पूर्णिया से निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव ने अपनी जीत का दावा किया है, उन्होंने धनबाद में कहा कि पूर्णिया लोकसभा सीट इस बार इतिहास लिखेगा,

पूर्णिया से निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव सोमवार को पूर्व सांसद पप्पू यादव धनबाद पहुंचे, इस दौरान पॉलिटेक्निक स्थित खटाल के यादव समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया, पूर्णिया सीट को उन्होंने वर्ल्ड का हॉट सीट बताया है, साथ ही कहा कि वायनाड में भी चुनाव हो रहा था. लेकिन देशभर में चर्चा सिर्फ बिहार की पूर्णिया लोकसभा चुनाव की थी, चार जून के बाद यहां के लिए इतिहास लिखा जाएगा,

मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि नो मनी, नो मसल लोगों के दिल पर राज किए हैं, लोगों ने दिल दिया है और देश के 130 करोड़ लोगों ने अपना आशीर्वाद दिया है, पूरा का पूरा वर्ल्ड का हॉट शीट पूर्णिया, वायनाड का चुनाव था लेकिन चर्चा पूर्णिया सीट की चल रही थी, उन्होंने कहा एक बार फिर से इलाहाबाद का इतिहास पूर्णिया लिखेगा,

पहली बार पूर्णिया चुनाव के दौरान नो बैकवर्ड फॉरवर्ड, न कोई कास्ट सिस्टम, सारे लोग एक पूर्णिया की धरती और खून, सीमांचल कोसी और मिथिला की आजादी की लड़ाई है, यह सांसद का चुनाव नहीं था. चार जून के बाद पूर्णिया लोकसभा का इतिहास लिखा जाएगा, पूर्णिया सीट पर राजद प्रत्याशी के खड़े रहने पर उन्होंने कहा कि जो बीत गई वह बात गई. राजद भी हमारे साथ खड़ा है, अब हमलोग राहुल गांधी को पीएम बनने के लिए निकले हैं,

बता दें कि पूर्णिया लोकसभा सीट का चुनाव सम्पन्न हो चुका है. इस लोकसभा सीट से महागठबंधन में यह सीट राजद के खाते में गई थी. जिसके लिए राजद ने अपना प्रत्याशी उतारा और चुनाव लड़ाया. वहीं दूसरी ओर पप्पू यादव भी यहां से निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे थे. वह कांग्रेस का समर्थन भी कर रहे है. इसलिए पप्पू यादव इस सीट को हॉट सीट बता रहे हैं. वह इस अंदाज में बोल रहे थे जैसे उनकी जीत सुनिश्चित है और महागठबंधन की हार. लेकिन जीत चाहे पप्पू यादव की हो या फिर महागठबंधन के प्रत्याशी की, फायदा कांग्रेस की ही होगी. क्योंकि पप्पू यादव राहुल गांधी को पीएम बनाने की बात कह रहे है और धनबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को जिताने के लिए लोगों से वोट की अपील कर रहे है।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होके एक स्कूटी से जा टकराई

**धनबाद ।**

### स्कूटी पर सवार दो सगी बहनों की मौत



शहर के गोल बिल्डिग से कतरास मोमको मोड़ जाने वाली 8 लेन सड़क पर असर्फी अस्पताल और बिरसा मुंडा पार्क के बीच सोमवार की दोपहर को एक बड़ा हादसा हुआ, एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होने के बाद स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी, इस हादसे में स्कूटी पर सवार दो सगी बहनों की मौके पर ही मौत हो गई, हादसे में स्कॉर्पियो पूरी तरह से सड़क पर पलट गई,

डीएसपी संदीप गुप्ता ने बताया कि बिरसा मुंडा पार्क की तरफ से एक स्कॉर्पियो तेज रफ्तार में भूली की तरफ जा रही थी, असर्फी हॉस्पिटल से पहले अचानक एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर भूली से मेमको मोड़ जाने वाली सड़क में घुस गई, इससे पहले की स्कॉर्पियो नियंत्रित हो पाती, स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी.

स्कूटी को टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो पूरी तरह से पलट गई, इस हादसे में स्कूटी पर सवार दो सगी बहनों की मौके पर ही मौत हो गई है, धैया की रहने वाली दोनों बहने भूली से पढ़ाई के बाद स्कूटी पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रही थी, इस दौरान यह दुर्घटना हुआ है, मृत सगी बहनों के नाम इशिका होरो और जिया होरो है. इशिका बड़ी बहन थी, जिया नाबालिग थी,

वहीं, घटना के बाद स्कॉर्पियो में सवार दो लड़कों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया, घटना के वक्त लोग काफी थे. कुछ प्रबुद्ध जनों ने दोनों लड़कों एक जगह बंद करके रखा था, पुलिस के पहुंचने के बाद दोनों लड़कों को पुलिस के हवाले कर दिया गया, दोनों लड़कों के नाम प्रदीप मंडल और राजीव कुमार भारती है, बताया जा रहा है कि ये लोग धनसार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं, पुलिस ने दोनों शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पूर्णिमा नीरज सिंह की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव को ले बैठक

**धनबाद ।**



सोमवार को माननीय सचेतक सह झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह की उपस्थिति में ऑफिसर्स क्लब भौरा के प्रांगण में लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सुबोध सिंह द्वारा किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई माननीय झरिया विधायक ने रघुकुल यूथ ब्रिगेड के उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान कर भारी से भारी मतों से विजय बनाने की अपील की तथा रघुकुल समर्थकों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान दर्जनों लोगो ने माननीय विधायक के मौजूदगी में रघुकुल का दामन थामा तथा विधायक जी ने सभी को फूल माला भेट कर स्वागत किया। रघुकुल यूथ ब्रिगेड में शामिल नए लोगों में कमल सिंह, शुभम रवानी, रवि रजक, तारा कुमार मोहली, शबीर अंसारी, नसीर खान, शकील अंसारी, इकबाल अंसारी, आबिद अंसारी, इफ्तिकार अंसारी प्रमुख हैं।

साथ ही दिनांक 11 मई को भौरा बड़ा बंगला मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी के उपस्थिति में होने वाली विशाल सभा के आयोजन के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी सतीश रजक, अभिषेक सिंह, चंद्रावती देवी तथा निवर्तमान पार्षद चंदन महतो ने संबोधित करते हुए माननीय विधायक जी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन करने का आहवान किया।

बैठक में विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, शेख अमजद, बबलू दुबे, सुनील पासवान, हरेंद्र यादव, विक्की रवानी, मो० आलम, राजीव सिन्हा, राजू यादव, रोहित विश्वकर्मा, गुलशन सरकार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पूर्व राज्यपाल (सिक्किम) बाबू श्री गंगा प्रसाद चौरसिया जी का , चंपारण की पावन भूमि आगमन

**रक्सौल।**

रक्सौल एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत बाबू गंगा प्रसाद चौरसिया पूर्व राज्यपाल (सिक्किम) का आगमन अंतरराष्ट्रीय महत्ता की शहर रक्सौल की पावन भूमि पर दिनांक 07/05/2024 को हो रहा है। जिसकी जानकारी चौरसिया(बरई)समाज सेवा संघ रक्सौल के अध्यक्ष शम्भु प्रसाद चौरसिया ने देते हुए बताया कि सैकड़ों स्वजातीय बंधुओं एवं वैशय समाज तथा अनन्य गणमान्य स्नेहीजनों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। कल अपराह्न लगभग 12.00 बजे तक रक्सौल पहुंचने की संभावना है। रक्सौल पहुंचते ही सम्मानीय पूर्व राज्यपाल जी का रक्सौल चौरसिया समाज के समाजसेवी सह ग्राम पंचायत राज हरदिया के जनप्रिय सरपंच लक्ष्मण प्रसाद चौरसिया, अजय कुमार चौरसिया,हृदेश प्रसाद चौरसिया, सुरेन्द्र प्रसाद चौरसिया, ई. निशांत प्रवीण चौरसिया,पून्यदेव चौरसिया आदि के नेतृत्व मे भव्य रूप से स्वागत व सम्मान किया जाएगा। तत्पश्चात भोजन करने के पश्चात राज्यपाल जी विश्राम करेंगे। पुनः विश्राम के बाद दोपहर लगभग 03.00 बजे आर्य समाज सेवा सदन, रक्सौल मे वैशय समाज एवं समाजसेवी संगठनों के गणमान्यजनों से औपचारिक मुलाकात करेंगे, वहीं उसके बाद संध्या लगभग 06.00 बजे आदापुर बाजार व समीपवर्ती ग्रामवासियों से आदापुर के चौरसिया समाज के समाजसेवी सह मुखिया पति चंद्र चौरसिया,आलोक चौरसिया, विजय चौरसिया, सुबोध चौरसिया, चन्द्र मोहन चौरसिया आदि के नेतृत्व मे लोगो से शिष्टाचार भेंट कर समाजिक क्रियाकलापों पर प्रकाश डालेंगे। रात्रि विश्राम रक्सौल मे होगा।



### हाड़ी जाति समाज सुधार समिति का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित



**धनबाद ।** आजाद नगर (जोड़ा पोखर) में सामाजिक संस्था हाड़ी जाति सुधार समिति पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष राजू हाड़ी,झरिया प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश हाड़ी, संगठन सचिव पेंटर हाड़ी,कार्यालय सचिव आशीष हाड़ी, कोषाध्यक्ष शिबू हाड़ी, उप संगठन सचिव राजू हाड़ी व सक्रिय सदस्य अजय हाड़ी को बनाया गया सभी नव मनोनीत युवाओं को माला पहनकर समिति में स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आरंभ बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के फोटो पर माल्यार्पण करके की गई। कार्तिक हाड़ी ने कहा कि समिति में सभी जो मनोनीत युवा अपने-अपने पदों का समाज के उत्थान सहित में ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें।तथा निकट आने वाले लोकसभा चुनाव में समाज के सभी लोगों को मतदान करने की अपील की।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भोला हाड़ी,कोषाध्यक्ष विजय हाड़ी,कार्यालय सचिव नारायण हाड़ी,संगठन सचिव डब्लू हाड़ी,अप संगठन सचिव बादल हाड़ी, मीडिया प्रभारी अमित हाड़ी,सूचना मंत्री विकास हाड़ी वह सिद्धार्थ हाड़ी आदि मौजूद थें।

# जिसके हाथ में कमल का निशान हैं वह भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी है: अमर बाउरी

**धनबाद ।**

झरिया अग्रवाल धर्मशाला में सोमवार को झरिया अग्रवाल धर्मशाला में शक्ति केंद्र कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बैठक में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा लोक सभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक मतों से जिताने का संकल्प लिया। भाजपा के नेता नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता पूरे समर्पण भाव से समाज के लिए कार्य करता है। जनता के बीच हमलोग नरेंद्र मोदी की गारंटी को लेकर जा रहा हैं। जिसके हाथों में कमल का निशान हैं वह भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में भी झरिया से कमल खिलेगा । उन्होंने बूथ के पदाधिकारीयों को सक्रिय करते हुए वोटर्स से संपर्क करने को कहा। भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक विजय दिलाने का आ''ह्रन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश को सुदृढ़ करने की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लिए है। धारा 370, राम मंदिर निर्माण सहित देश का विश्व की आर्थिक महाशक्ति के रूप में निरन्तर बढ़ना अनेकों निर्णय है जहाँ आज भारत का सम्मान बढ़ा है। कांग्रेस ने साढ़े चार साल में गठबंधन की सरकार में सिर्फ झारखंड में भ्रष्टाचार और दोहन ही किया है। उन्होंने कहा कि आज देश की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जो राम को लाए है हम उनको लाएंगे। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि मोदी जी ने सैंकड़ों विकास कार्य किए हैं उन्हें जन जन तक पहुंचाना है। झरिया में पिछले लोकसभा चुनाव से बढ़कर वोट मिलेगा। भाजपा को वोट देकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। ताकि देश का विकास हो सके। पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लगे हैं, उन्ही के बदौलत ही पार्टी का परचम लहराता है। इस दौरान मौके पर प्रदेश मंत्री सरोज सिंह जिला अध्यक्ष श्रवण राय लोकसभा चुनाव प्रभारी सुरेश साव सतेंद्र कुमार राजकुमार अग्रवाल संजीव अग्रवाल, उमेश यादव , राज किशोर जैना , अरुण साव , संतोष शर्मा, अभिषेक पाण्डेय, सुजीत सिंह , राजाराम पासवान के अलावा मंडल पदाधिकारी मार्च अध्यक्ष शक्ति केंद्र के प्रभारी और संयोजक सह संयोजक एवं झरिया विधानसभा में रहने वाले वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता गण मौजूद थे।



### व्यय प्रेक्षक गांधी डोंटी ने 20बरकट्ठा विधानसभा अंतर्गत निर्वाचन को ले तैयारियों का जायजा लिया

**गिरिडीह।** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त सोमवार को व्यय प्रेक्षक गांधी डोंठी के द्वारा 20 बरकट्ठा विधानसभा अंतर्गत निर्वाचन को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने सहायक निर्वाची पदाधिकारी, 20 बरकथा विधानसभा से निर्वाचन को लेकर क्या क्या तैयारियां की गई है, इसका उचित जानकारी प्राप्त की तथा कई बिंदुओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने एसएसटी/एफएसटी के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा कई दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनके कार्य दायित्व के संबंध में कई निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने सहायक निर्वाची पदाधिकारी, 20 बरकट्ठा के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त कर निर्वाचन के कार्यों को स-समय पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान श्रम अधीक्षक, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, 20 बरकथा समेत निर्वाचन के कई अधिकारी उपस्थित थे।



स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com